दैनिक

# करंट क्राइम

www.currentcrime.com

दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित

सिर्फ सच...

● नई दिल्ली । शनिवार 07 जून-2025 | ● वर्ष : 10 अंक : 168 पेज-08 | ● RNI NO. DELHIN/2015/65364 | ● मूल्य : ₹3










## कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा ने अपने प्रवचन से विपक्ष पर साधा निशाना

### - राम मंदिर आंदोलन का जिक्र किया और कहा- आज भी जिंदा हैं रावण-जटायु और हनुमान

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा ने इन दिनों हिंदुत्व के एक नए अवतार में हैं। वो राम कथा का मंच संभालते हैं और घंटों तक प्रवचन देते हैं। वो कार्यक्रम में जाते हैं तो ये बताते हैं कि विकास से ज्यादा जरूरी सुरक्षा है। नाम किसी का नहीं लेते, लेकिन उदाहरण बांग्लादेश और कश्मीर का देता हैं। सुनील शर्मा कुल मिलाकर इन दिनों खुद को हिंदुत्व के एक ऐसे फायर ब्रांड नेता के रूप में स्थापित कर रहे हैं जहां उनके शब्दों में चोट है, लेकिन यहां भाषा को उन्होंने मयार्दा की लगाम से बांधा हुआ है। सुनील शर्मा इन दिनों हर मंच से अपने हिंदुत्व का पंच दे रहे हैं। मंच चाहे पॉलिटिकल हो, या कथा का मंच, सामाजिक कार्यक्रम का मंच हो, वो अपने शब्दों के जरिये एक पंच देते हैं। एक बार फिर उनके प्रवचन का एक वीडियो सामने आया है। इस वीडियो में वो विपक्ष पर निशाना साध रहे हैं। ये वीडियो उनके पेज से ही अपलोड हुआ है।



कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा कारसेवा का जिक्र कर रहे हैं और वो बता रहे हैं कि कारसेवा करने के लिये गए कारसेवक निहत्थे थे। वो भजन कर रहे थे तभी तड़ातड़, तड़ातड़, तड़ातड़ गोलियां वहां बैठे रामभक्तों पर बरसने लगीं। लोगों ने अपने प्राणों की आहुति दी। सही तो यह है कि रामभक्त अपने प्राणों की आहुति दे रहे थे, लेकिन पीछे नहीं हट रहे थे। वो कह रहे थे कि हम अपने आराध्य भगवान श्रीराम का मंदिर लेकर रहेंगे। जहां प्रभु श्रीराम का जन्म हुआ था, हम मंदिर वहीं बनाएंगे। हम सौगंध राम की खाते हैं। इस तरह से रामभक्तों अपने प्राण इस प्रकार से त्यागे कि मानों जिस तरह जटायु ने अपने प्राणों की आहुति मां सीता को बचाने के लिये दी थी।

कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा इसके बाद निशाना साधने वाले अंदाज में आए और उन्होंने कहा कि रावण केवल उस युग में ही नहीं थे, रावण तो आज भी हैं। यहां उन्होंने कहा कि केवल रावण ही नहीं है अगर, रावण आज भी है तो जटायु, हनुमान और प्रभु श्रीराम भी आज भी हैं। कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा इस वीडियो में राम मंदिर आंदोलन का जिक्र कर रहे हैं। वो कारसेवकों के बलिदान कर रहे हैं। वो अपनी वीडियो में किसे रावण बता रहे हैं और किसे वो राम बता रहे हैं, इसको लेकर वो प्रतीकात्मक हैं। सुनील शर्मा का यही हिंदुत्व अंदाज इन दिनों उन्हें लोकप्रिय बना रहा है। उनके समर्थकों की एक नई लॉबी उनके इस नए अंदाज के बाद तैयार हुई है। सुनील शर्मा हिंदुत्व के प्रबल अवतार में हैं और यहां उनकी शैली कुछ ऐसी हैं कि यहां वो पूरी बात भी कह रहे हैं और किसी को किसी प्रकार की शिकायत का मौका भी नहीं दे रहे हैं।

## प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को मिला जी-7 का न्योता

**नई दिल्ली :** कनाडा ने आखिर भारत को जी-7 शिखर सम्मेलन में शामिल होने के लिए आमंत्रण भेज दिया है। कनाडा के पीएम मार्क कार्नी ने पीएम मोदी को फोन कर जी-7 शिखर सम्मेलन में आने का निमंत्रण दिया।

इसके साथ ही दोनों देशों ने द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने को लेकर चर्चा की। इस मौके पर पीएम मोदी ने कनाडा के नवनिर्वाचित पीएम को चुनाव में




जीत पर बधाई दी। पीएम मोदी ने खुद इस बात की जानकारी दी।

**क्या बोले पीएम मोदी? :** पीएम मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर ट्वीट कर कनाडा के पीएम से फोन पर हुई बातचीत को लेकर जानकारी दी। पीएम मोदी ने लिखा कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी से फोन पर बात करके खुशी हुई। उन्हें हाल ही में हुए चुनाव में उनकी जीत पर बधाई दी। पीएम मोदी ने आगे लिखा कि इस महीने के अंत में कनानसकीस में होने वाले जी7 शिखर सम्मेलन में आमंत्रित करने के लिए उन्हें धन्यवाद दिया।

प्रधानमंत्री मोदी ने लिखा कि गहरे जन-जन संबंधों से बंधे जीवंत लोकतंत्रों के रूप में, भारत और कनाडा आपसी सम्मान और साझा हितों के मार्गदर्शन में नए जोश के साथ मिलकर काम करेंगे। शिखर सम्मेलन में हमारी मुलाकात का बेसब्री से इंतजार है।

**पहले लगाए जा रहे थे कई कयास :** इससे पहले कयास लगाए जा रहे थे कि दोनों देशों के बीच रिश्तों में तल्खी की वजह से कनाडा की तरफ से इस बार भारत को जी-7 समिट में शामिल होने का न्योता नहीं भेजा जाएगा।

## मेडिकल की पढ़ाई और सुविधाओं का बड़ा केंद्र बन रहा है

# संतोष मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल

**संतोष मेडिकल कॉलेज में वर्तमान समय में 22 तरह के पीजी कोर्स हैं उपलब्ध**

**टॉप 10 टाइम्स रैंकिंग में नौवें स्थान पर है संतोष मेडिकल कॉलेज गाजियाबाद**




**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** संतोष अस्पताल पुराना बस अड्डा की शुरुआत वर्ष 1995 में हुई थी और वर्ष 1996 में यहां पहले मेडिकल बैच ने पढ़ाई शुरू कर दी थी। संतोष मेडिकल कॉलेज को चिकित्सा के क्षेत्र में योगदान देते हुए लंबा समय हो गया है। तो वहीं संतोष मेडिकल कॉलेज की अब देश ही नहीं विदेशों तक पढ़ाई व चिकित्सा के क्षेत्र में अपनी पहचान बन गई है। कॉलेज की डीन डॉ. अलका अग्रवाल बताती हैं कि वह अप्रैल 1999 से इस कॉलेज में अपनी सेवाएं दे रही हैं। कभी 50 विद्यार्थियों से शुरू हुआ कॉलेज आज एक बड़ा रूप ले चुका है। वर्तमान में संतोष मेडिकल कॉलेज गाजियाबाद में अलग-अलग 22 ऐसे पीजी कोर्स उपलब्ध हैं। तो वहीं डिप्लोमा और एमडी कोर्स भी उपलब्ध हैं। संतोष मेडिकल कॉलेज गाजियाबाद की डीन डॉ. अलका अग्रवाल बताती हैं कि संतोष मेडिकल कॉलेज की लाइब्रेरी और लैबोरेट्री बेहद आधुनिक है। तो वहीं डिजिटल क्लासरूम और नॉर्थ एशिया के देशों में मिलने वाली पढ़ाई की सुविधा संतोष मेडिकल कॉलेज में आसानी से मिल रही है। उन्होंने बताया कि टाइम्स टॉप 10 की रैंकिंग में वर्तमान समय में संतोष मेडिकल कॉलेज नौवें स्थान पर है। वहीं अस्पताल और मेडिकल कॉलेज भी निरंतर चिकित्सा और रिसर्च के क्षेत्र में नए प्रयोग कर रहा है। **दैनिक करंट क्राइम के वरिष्ठ संवाददाता गौरव शशि नारायण ने संतोष मेडिकल कॉलेज गाजियाबाद की डीन डॉ. अलका अग्रवाल और मार्केटिंग हेड श्वेता चौधरी** से बातचीत की। उन्होंने बताया है कि संतोष अस्पताल और मेडिकल कॉलेज आज दिल्ली-एनसीआर के टॉप अस्पताल और पढ़ाई के सेंटर के रूप में विकसित हो चुके हैं।



### संक्षिप्त परिचय

**नाम :** डॉ. अलका अग्रवाल

**पढ़ाई :** डा. अलका मौलाना आजाद मेडिकल कॉलेज, दिल्ली से स्नातक हैं। उन्होंने 1994 में एमएएमसी, दिल्ली से बाल रोग में स्नातकोत्तर किया। उन्होंने सीडीसी, तिरुवनंतपुरम से डेवलपमेंटल न्यूरोलॉजी में डिप्लोमा किया है।

**जिम्मेदारी :** डॉ. अलका 1999 में संतोष मेडिकल कॉलेज और अस्पताल में बाल रोग विभाग में सहायक प्रोफेसर के रूप में शामिल हुईं और 2007 में प्रोफेसर बन गईं। उन्होंने चिकित्सा अधीक्षक की जिम्मेदारी संभालने से पहले 2010 से 2019 तक बाल रोग विभाग का नेतृत्व किया है। संतोष अस्पताल में गाजियाबाद में पहला बाल मार्गदर्शन क्लिनिक शुरू करने में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका रही।

**पुरस्कार :** डॉ. अलका के नाम कई प्रतिष्ठित पुरस्कार हैं, जिनमें देश के बच्चों के लिए उनके विशिष्ट योगदान के लिए कई पुरस्कार भी शामिल हैं। उन्हें सामुदायिक सेवा के लिए 2012 में उत्तर प्रदेश में सर्वश्रेष्ठ बाल रोग विशेषज्ञ का पुरस्कार और राज्य स्तर पर ऐसे कई पुरस्कार भी मिले।

**उपलब्धियां :** डा. अलका भारत में नवजात पुनर्जीवन कार्यक्रम की राष्ट्रीय समन्वयक, बाल विकलांगता समूह की राज्य शैक्षणिक समन्वयक और भारत में कई सामुदायिक कार्यक्रमों की राष्ट्रीय संकाय हैं। वह एक उत्कृष्ट शिक्षाविद्, एक महान शिक्षिका और अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त एक प्रसिद्ध चिकित्सक हैं, जिनके 50 शोध पत्र राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय पत्रिकाओं में प्रकाशित हो चुके हैं।



**कोविड महामारी के दौरान यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने संतोष मेडिकल ग्रुप के कार्यों की सराहना की थी : डॉ. अलका अग्रवाल**

**संतोष मेडिकल कॉलेज की शुरूआत कैसे हुई और कितने विद्यार्थी हुआ करते थे?**

संतोष मेडिकल कॉलेज का पहला बैच 1996 में आया था। 2010 से यहां लगातार हर साल बड़ी संख्या में छात्र आ रहे हैं। 2004 से यहां पीजी और एचडी विभाग के साथ ही बाल, नेत्र विभाग की भी सुविधा दी गई। साथ ही वर्ष 2022 से सभी विभाग के पीजी कोर्स और एमडी डिप्लोमा कोर्स भी उपलब्ध हैं। शुरूआत में स्टूडेंट कम थे लेकिन अब लगातार संतोष मेडिकल कॉलेज अपनी भूमिका दर्शा रहा है।

**संतोष मेडिकल कॉलेज दिल्ली-एनसीआर के अन्य कॉलेजों से कैसे अलग है?**

संतोष मेडिकल कॉलेज जहां छात्र-छात्राओं को पढ़ाई के साथ संपूर्ण प्रैक्टिकल की सुविधा अग्रणी रूप से प्रदान कर रहा है। तो वहीं डिजिटल क्लासरूम, वर्चुअल क्लासेस, आधुनिक लाइब्रेरी और हाईटेक एनवायरमेंट भी देने का काम किया जा रहा है। इसके साथ ही वर्तमान में नॉर्थ एशिया के देशों के पास जिस प्रकार की पढ़ाई मेडिकल के क्षेत्र में उपलब्ध है, उसी प्रकार की सुविधा संतोष मेडिकल कॉलेज गाजियाबाद द्वारा प्रदान की जा रही है।




**चिकित्सा के क्षेत्र में हमेशा नए बदलाव आते रहते हैं, संतोष मेडिकल उसके लिए क्या करता है?**

संतोष मेडिकल कॉलेज द्वारा सेंट्रल यूनिवर्सिटी के रूप में काम किया जा रहा है। साथ ही पिछले साल टाइम्स के टॉप 10 कॉलेजों की लिस्ट में नौवें स्थान संतोष मेडिकल कॉलेज का था, हम अपने अलग-अलग डॉक्टर्स बैच को विदेशों में लेकर जाते हैं। वहां की पढ़ाई और अन्य पद्धति के बारे में अवगत कराया जाता है ताकि हमारे डॉक्टर्स देश विदेश में हिट रहें।

**कोविड का दौर आया तो किस तरीके से मेडिकल के छात्रों का सहयोग लिया गया और क्या नई चुनौतियां थीं ?**

जब कोरोना बीमारी आई और कोविड का दौर शुरू हुआ तो मेडिकल के विद्यार्थियों से लेकर डॉक्टर्स के लिए एक नई चुनौती थी। किस तरीके से इस बीमारी पर सफलता हासिल की जाए और लोगों की जान बचाई जाए। हमने कोविड के दौर में पढ़ाई का इंफ्रास्ट्रक्चर बदला। तो वैक्सीनेशन कराने को लेकर भी ऑनलाइन और ऑफलाइन कार्यक्रम किए। इमरजेंसी जैसे हालात के बावजूद लोगों को बचाने के लिए हर संभव प्रयास विद्यार्थियों और डॉक्टर्स द्वारा कराए गए थे। यह सभी के लिए नई सीख और खुद का बचाव करते हुए दूसरों की जिंदगी को बचाने का भी दौर रहा।

**संतोष मेडिकल को कोविड के दौरान बड़ा केंद्र बनाया गया था, खुद सीएम योगी भी यहां जायजा लेने आए थे, उस पर क्या कहना है?**

कोविड महामारी के दौरान संतोष मेडिकल को कोविड का नोडल केंद्र बनाया गया था। इस दौरान ऑक्सीजन की बेहद कमी थी लेकिन जिस तरीके से सरकार द्वारा पीछे से सुविधा दी जा रही थी, उसको लेकर संतोष ग्रुप ने बेहतर काम किया। उसके लिए खुद यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी संतोष मेडिकल ग्रुप की सराहना की थी। साथ ही बड़ी संख्या में विद्यार्थियों को कोविड जागरूकता और वैक्सीनेशन से लेकर ऑनलाइन मेडिकल ट्रीटमेंट देने का प्रबंध भी संतोष मेडिकल द्वारा किया गया।



**संतोष मेडिकल कॉलेज से पढ़ाई करने वाले छात्र-छात्राएं आज किस तरह गाजियाबाद और कॉलेज का नाम रोशन कर रहे हैं?**

देखिए बीते 10 सालों में संतोष मेडिकल कॉलेज के तमाम छात्र-छात्राएं विदेश में अच्छे पैकेज पर गए हैं। तो कई बड़े अस्पतालों में वह अपनी सेवाएं दे रहे हैं। साथ ही एडमिरल आरती ने सेना की नौकरी हासिल की, यह संतोष मेडिकल कॉलेज के लिए गौरव की बात है। इसके साथ ही 26 देशों के साथ संतोष मेडिकल कॉलेज के एमओयू हैं, जो यहां के छात्रों बेहतर इंटर्नशिप और प्लेसमेंट प्रदान करने में मददगार साबित होते हैं। इसके साथ ही समय-समय पर संतोष के छात्र यूके और यूएई जैसी बड़ी मेडिकल यूनिवर्सिटी में भी अपनी सेवाएं देने के लिए जाते हैं। वहीं संतोष ग्रुप कम कीमत पर पढ़ाई और चिकित्सा सुविधाएं भी प्रदान करने का काम बढ़े स्तर पर रहा है।

## आज 742 मस्जिदों और 47 ईदगाह पर पढ़ी जाएगी बकरीद की नमाज

### अलग-अलग इलाकों में निकाला गया फ्लैग मार्च और हुई पैदल गश्त




### - पुलिस कमिश्नरेट के तीनों जोन में 120 क्विक रिएक्शन टीम रखेंगी स्थिति को कंट्रोल

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** शनिवार को ईद उल जुहा यानी बकरीद का त्यौहार है और बकरीद के त्यौहार को लेकर पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के तीनों जोन में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम रहेंगे। पुलिस के अधिकारियों ने



जानकारी दी है कि पुख्ता सुरक्षा इंतजामों के बीच शनिवार को 47 ईदगाह और 742 मस्जिदों में बकरीद की नमाज पढ़ी जाएगी।

तो वहीं लोनी से लेकर साहिबाबाद, मसूरी से लेकर कैला भट्ट, पसौंडा, टीलामोड़, वेव सिटी और अंकुर विहार से लेकर खोड़ा इलाके में नजर लगने के लिए पुलिस की 120 क्विक रिएक्शन टीम में भी निरंतर चेकिंग और पेट्रोलिंग करती हुई नजर आएंगी। तो वहीं शुक्रवार की रात बकरीद की पूर्व संध्या पर पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के अलग-अलग थानाक्षेत्रों और जोन में पुलिस के अधिकारियों ने फ्लैग मार्च निकाला, तो पैदल गश्त भी की गई। जहा तीनों ही जोन में पुलिस अलर्ट रही।







### कंट्रोल रूम रहेगा अलर्ट मोड पर



करंट क्राइम : पुलिस कमिश्नर जे रविंदर गौड ने बताया है कि पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में बकरीद को लेकर पुलिस कंट्रोल रूम अलर्ट मोड पर रहेगा। तो वहीं बड़ी संख्या में पुलिसकर्मियों को रिजर्व में रखा गया है। किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए ड्रोन और सोशल मीडिया फेसबुक, ट्विटर, इंस्टाग्राम पर तकनीकी टीमों के जरिए भी निगरानी रखी जा रही है। इसके साथ ही मिश्रित आबादी वाले क्षेत्रों में लोकल इंटेलीजेंस और खुफिया तंत्र को अलर्ट कर दिया गया है।

# चिनाब नदी पर बना दुनिया का सबसे ऊंचा रेलवे ब्रिज राष्ट्र को समर्पित

# 46 हजार करोड़ से मिलेगी जम्मू-कश्मीर को रफ्तार : मोदी

**प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने चिनाब नदी पर बने दुनिया के सबसे ऊंचे रेलवे आर्च ब्रिज राष्ट्र को समर्पित किया। उन्होंने इसे भारत की एकता, इच्छाशक्ति और इंजीनियरिंग का अद्भुत प्रतीक बताया। उन्होंने कहा कि 46,000 करोड़ रुपये के प्रोजेक्ट जम्मू-कश्मीर में विकास की नई रफ्तार लाएंगे।**

**जम्मू।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कटरा में जनसभा को संबोधित किया। इस दौरान पीएम मोदी ने कहा कि आज का ये कार्यक्रम भारत की एकता और भारत की इच्छाशक्ति का विराट उत्सव है। माता वैष्णो देवी के आशीर्वाद से आज वादी-ए-कश्मीर, भारत के रेल नेटवर्क से जुड़ गई है।

उधमपुर-श्रीनगर-बारामुल्ला रेल लाइन परियोजनाएं, ये सिर्फ नाम नहीं हैं, ये जम्मू कश्मीर के नए सामर्थ्य की पहचान हैं। भारत के नए सामर्थ्य का जयघोष है। थोड़ी देर पहले मुझे चिनाब ब्रिज और अंजी ब्रिज का लोकार्पण करने का अवसर मिला है। आज ही दो नई वंदे भारत ट्रेनें जम्मू कश्मीर को मिली है। जम्मू में नए मेडिकल कॉलेज का शिलान्यास हुआ है। 46,000 करोड़ रुपये की ये परियोजनाएं जम्मू और कश्मीर के विकास को नई गति देंगे। ये हमारी सरकार का सौभाग्य है कि इस प्रोजेक्ट ने हमारे कार्यकाल में गति पकड़ी और हमने इसे पूरा करके दिखाया। रास्ते में आने जाने की मुश्किलें, मौसम की परेशानी, लगातार पहाड़ों से गिरते पत्थर... ये प्रोजेक्ट पूरा करना चुनौतीपूर्ण था, लेकिन हमारी सरकार ने चुनौती को ही चुनौती देने का रास्ता चुना है।

चिनाब ब्रिज, दुनिया का सबसे ऊंचा रेलवे आर्च ब्रिज है। ये ब्रिज, एफिल टॉपर से भी उंचा है। अब लोग चिनाब ब्रिज के जरिए कश्मीर देखने तो जाएंगे ही, साथ ही ये ब्रिज भी अपने आप में एक आकर्षक टूरिस्ट डेस्टिनेशन बनेगा।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने चिनाब नदी पर बने दुनिया के सबसे ऊंचे रेलवे आर्च ब्रिज को राष्ट्र को समर्पित करते हुए कहा कि आज जम्मू-कश्मीर के लाखों लोगों का सपना साकार हुआ है। ये सिर्फ पुल नहीं, भारत के फौलादी इरादों और इंजीनियरिंग कौशल का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि यह भी एक हकीकत है कि जितने भी अच्छे काम हैं, वे मेरे लिए ही बचे रहते हैं।

यह हमारी सरकार का सौभाग्य है कि इस प्रोजेक्ट को हमने अपने कार्यकाल में रफ्तार दी और इसे पूरा कर दिखाया। बीच में कोविड का कालखंड और खराब मौसम जैसी चुनौतियां थीं, फिर भी हमारी सरकार ने चुनौती को चुनौती देने का रास्ता चुना। उन्होंने कहा कि आज जम्मू-कश्मीर में कई ऑल वेदर इंफ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट्स बन रहे हैं, जो इस संकल्प की मिसाल हैं।

पीएम मोदी ने बताया कि कुछ समय पहले सोनमार्ग टनल शुरू हुई और आज उन्होंने खुद चिनाब ब्रिज और अंजी ब्रिज से होकर यात्रा की। प्रधानमंत्री ने कहा कि इन पुलों पर चलते हुए मैंने भारत के इंजीनियरों, श्रमिकों के साहस और संकल्प को नमन किया है। चिनाब ब्रिज दुनिया का सबसे ऊंचा रेलवे आर्च ब्रिज है।




## एफिल टावर नहीं अब चिनाब ब्रिज बनेगा नया टूरिस्ट डेस्टिनेशन

लोग फ्रांस के पेरिस में एफिल टावर देखने जाते हैं, लेकिन अब यह ब्रिज एफिल टावर से भी ऊंचा है। यह सिर्फ एक रेलवे पुल नहीं, बल्कि कश्मीर का नया टूरिस्ट डेस्टिनेशन भी बनेगा। लोग यहां सेल्फी पॉइंट पर जाकर इंजीनियरिंग के इस अद्भुत नमूने को निहारेंगे। प्रधानमंत्री ने इसे भारत के विकास, संकल्प और आधुनिक इंफ्रास्ट्रक्चर की नई पहचान बताते हुए कहा कि यह पुल आने वाले वर्षों में टूरिज्म, कनेक्टिविटी और राष्ट्रीय एकता का मजबूत आधार बनेगा।

**जम्मू-कश्मीर, मां भारती का मुकुट :** पीएम मोदी ने कहा कि जम्मू-कश्मीर, मां भारती का मुकुट है। ये मुकुट एक से बढ़कर एक खूबसूरत रत्नों से जड़ा हुआ है।

ये अलगअलग रत्न, जम्मू कश्मीर का सामर्थ्य हैं। यहां की पुरातन संस्कृति, यहां के संस्कार, यहां की आध्यात्मिक चेतना, प्राकृति का सौंदर्य, यहां की जड़ी बूटियों का संसार, फलों और फूलों का विस्तार, यहां के युवाओं का कौशल... मुकुट मणि की तरह चमकता है।

अब जब रेल कनेक्टिविटी जुड़ गई है, तो यह प्रतिभा देश-दुनिया में अपना स्थान बनाएगी। रेल प्रोजेक्ट के फायदे गिनाते हुए उन्होंने कहा कि चाहे चिनाब ब्रिज हो या अंजी ब्रिज, ये जम्मू और कश्मीर दोनों क्षेत्रों की समृद्धि का जरिया बनेंगे। टूरिज्म बढ़ेगा ही, साथ में अर्थव्यवस्था के अन्य क्षेत्रों को भी लाभ मिलेगा।

### जम्मू-कश्मीर शिक्षा, स्वास्थ्य और संस्कृति के क्षेत्र में बना रहा है नया कीर्तिमान

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि उन्हें बार-बार जम्मू-कश्मीर आने और यहां के लोगों के सामर्थ्य को देखने का अवसर मिला है। मैंने यहां की ऊर्जा, उम्मीदें और मेहनत को नजदीक से महसूस किया है। यही वजह है कि मैं पूरे समर्पण भाव के साथ जम्मू-कश्मीर के विकास में जुटा हूं। पीएम मोदी ने कहा कि जम्मू-कश्मीर भारत की शिक्षा और संस्कृति का गौरव रहा है और आज यह ज्ञान की भूमि के रूप में फिर उभर रहा है। जम्मू और श्रीनगर में सेंट्रल यूनिवर्सिटी हैं, नीट, आईआईएम जैसे देश के श्रेष्ठ शैक्षणिक संस्थान यहां हैं। आने वाले वर्षों में जम्मू-कश्मीर भारत के नॉलेज हब की भूमिका निभाएगा।

# बेंगलुरु भगदड़ केस में अरेस्ट चारों लोग 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेजे गए

**बेंगलुरु।** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के जीत के जश्न में हुई भगदड़ के दौरान 11 लोगों की मौत और 50 से ज्यादा लोगों की मौत के मामले में एडिशनल चीफ मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट ने गिरफ्तार किए गए सभी चार लोगों को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। इससे पहले कर्नाटक हाई कोर्ट ने शुक्रवार को कहा कि वह रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के मार्केटिंग और रेवेन्यू हेड निखिल सोसले की याचिका पर 9 जून को सुनवाई करेगा।

बंगलूरू के चिन्नास्वामी स्टेडियम के बाहर मची भगदड़ के सिलसिले में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु और इवेंट मैनेजमेंट फर्म डीएनए एंटरटेनमेंट प्राइवेट लिमिटेड के चार अधिकारियों को गिरफ्तार कर लिया गया है। भगदड़ में 11 लोगों की मौत हो गई थी और 56 अन्य घायल हो गए थे। उन्हें क्राइम ब्रांच और बंगलूरू पुलिस की ओर से एक संयुक्त अभियान में गिरफ्तार किया गया।




पुलिस सूत्रों ने शुक्रवार को बताया कि चिन्नास्वामी स्टेडियम के बाहर मची भगदड़ के सिलसिले में आरसीबी और इवेंट मैनेजमेंट फर्म डीएनए एंटरटेनमेंट प्राइवेट लिमिटेड के चार अधिकारियों को गिरफ्तार किया गया है। बंगलूरू के पुलिस आयुक्त सीमांत कुमार सिंह ने भी पुष्टि की कि भगदड़ मामले में कुछ गिरफ्तारियां की गई हैं। हमारी टीमें मामले को बहुत गंभीरता से ले रही हैं और आखिरकार मामला सीआईडी के पास जाना है। इसलिए सीआईडी के पास जाने से पहले हमारी टीम की ओर से जो भी कानूनी औपचारिकताएं पूरी करनी हैं, वे कर रही हैं।

सूत्रों के मुताबिक, गिरफ्तारी से पहले आरसीबी के मार्केटिंग और रेवेन्यू हेड निखिल सोसले, डीएनए एंटरटेनमेंट प्राइवेट लिमिटेड के सुनील मैथ्यू और किरण कुमार से पूछताछ की गई। आगे की प्रक्रिया बाद में पूरी की गई। बताया गया कि कुछ को कथित तौर पर शहर के बाहरी इलाके केम्पेगौड़ा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे (केआईए) से हिरासत में लिया गया था। पुलिस ने यह कार्रवाई गुरुवार को आरसीबी, इवेंट मैनेजमेंट फर्म डीएनए और कर्नाटक स्टेट क्रिकेट एसोसिएशन के खिलाफ दर्ज एफआईआर के बाद की है। भगदड़ बुधवार शाम को स्टेडियम के सामने हुई, जहां बड़ी संख्या में लोग आरसीबी टीम की आईपीएल जीत के जश्न में शामिल होने के लिए उमड़े थे।

# दिल्ली सीएम रेखा गुप्ता को मिली जान से मारने की धमकी...आरोपी की तलाश जारी

**पुलिस के मुताबिक, यह कॉल कोतवाली थाना क्षेत्र से की गई थी। प्रारंभिक जांच में फोन करने वाले की पहचान हो गई है। हालांकि, फोन नंबर बंद हो चुका है और उसका पता नहीं चल पा रहा है।**




**नई दिल्ली।** दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता को गुरुवार देर रात एक धमकी भरा फोन आया. रात करीब 11 बजे गाजियाबाद पुलिस कंट्रोल रूम को की गई इस कॉल में रेखा गुप्ता को जान से मारने की धमकी दी गई, जिसके बाद गाजियाबाद और दिल्ली दोनों जगहों पर पुलिस ने तुरंत कार्रवाई की. गाजियाबाद पुलिस ने तुरंत मामले की सूचना दिल्ली पुलिस को दी, जिसे अब अलर्ट पर रखा गया है. प्रारंभिक जांच में फोन करने वाले की पहचान हो गई है. हालांकि, फोन नंबर बंद हो चुका है और उसका पता नहीं चल पा रहा है.

गाजियाबाद पुलिस के मुताबिक, यह कॉल कोतवाली थाना क्षेत्र से की गई थी. फोन कॉल करने वाले का पता लगाने के लिए जांच चल रही है. दिल्ली पुलिस ने एक बयान में कहा, 'उत्तर पश्चिम जिला पुलिस को देर रात गाजियाबाद पुलिस से यह सूचना मिली. फिलहाल गाजियाबाद और दिल्ली पुलिस आरोपियों की तलाश कर रही है.' इस बीच सूत्रों ने आज तक को बताया कि भाजपा के नेतृत्व वाली दिल्ली सरकार की मुखिया रेखा गुप्ता को उनके विधानसभा क्षेत्र के नजदीक एक सरकारी आवास आवंटित किया गया है. रेखा गुप्ता के कार्यालय में 100 से अधिक समय पूरा करने के बाद यह आवंटन किया गया.

उन्हें आवंटित ये आवास सिटी सेंटर के नजदीक है, जिससे उन्हें अपने निर्वाचन क्षेत्र और आधिकारिक कार्यों के लिए दिल्ली सचिवालय और विधानसभा आसानी से पहुंचने में सुविधा होगी. एक वरिष्ठ सरकारी अधिकारी ने बताया कि आवास के लिए आवंटन पत्र जारी कर दिया गया है और लोक निर्माण विभाग ने संपत्ति पर मरम्मत और नवीनीकरण का काम शुरू कर दिया है. इस बीच, मंत्रियों और दिल्ली सरकार के कर्मचारियों को बंगले आवंटित करने वाले पीडब्ल्यूडी ने कैंप कार्यालय बनाने के लिए निविदा जारी की है।

# अब तक लग चुका राम मंदिर में 50 करोड़ का 45 किलो सोना




**राम मंदिर के निर्माण में अब तक 50 करोड़ का 45 किलो सोना लग चुका है। अभी शेषावतार मंदिर के शिखर पर मढ़ना बाकी है। जहां रामलला विराजमान हैं, उसमें सभी दरवाजों में स्वर्ण का प्रयोग किया गया है।**

**अयोध्या।** यूपी के अयोध्या स्थित राम मंदिर में राजा राम की प्राण प्रतिष्ठा के बाद राम मंदिर भवन निर्माण समिति के अध्यक्ष नृपेंद्र मिश्र ने बताया कि राम मंदिर में कुल 45 किलो सोने का इस्तेमाल किया गया है। इसकी शुद्धता शत प्रतिशत है। इसका मूल्य टैक्स को छोड़कर लगभग 50 करोड़ रुपये है।

सोने को मढ़ने का काम अभी शेषावतार मंदिर के शिखर पर बाकी है। उसका काम चल रहा है। मंदिर के भूतल, जहां रामलला विराजमान हैं, उसमें सभी दरवाजों में स्वर्ण का प्रयोग किया गया है। सिंहासन में भी सोने का काम किया गया है। बाकी सभी मंदिरों को स्वर्ण मंडित करने का काम पूरा हो चुका है।

नृपेंद्र मिश्र ने बताया कि राम मंदिर का निर्माण पूरा हो चुका है। यहां पत्थर का अब कोई काम शेष नहीं है। राम मंदिर परिसर में कुछ ऐसे काम हैं, जो दिसंबर 2025 तक पूरे हो जाएंगे। इस निर्माण में संग्रहालय सभागार और गेस्ट हाउस शामिल है। इसका निर्माण अभी चल रहा है। उन्होंने आगे बताया कि राम मंदिर का निर्माण भगवान राम की कृपा से ही हुआ है। किसी मनुष्य ने ये काम नहीं किया है, बल्कि किसी दैवीय शक्ति ने ही किया है। राजा राम के दरबार की स्थापना के बाद दर्शन के सवाल पर उन्होंने कहा कि अभी उसमें समय लग सकता है। क्योंकि, उसमें इतने श्रद्धालु दर्शन करने नहीं जा सकते। उसकी अभी व्यवस्था करनी है।

**पास के माध्यम से ही हो सकेंगे राम दरबार में दर्शन :** राम दरबार के दर्शन की व्यवस्था पास के माध्यम से की जाएगी। हालांकि पास निशुल्क होगा राम मंदिर के निर्माण में अब पत्थर का कोई काम नहीं बचा है। अब जो रामकथा संग्रहालय का काम चल रहा है, उसी में पत्थर लगना बाकी है।

**हर दरवाजे पर स्वर्ण की आभा :** राम मंदिर के भूतल में जहां रामलला विराजमान हैं, वहां हर दरवाजे को सोने से मढ़ा गया है। इसके साथ ही रामलला के सिंहासन को भी स्वर्ण से सजाया गया है। हालांकि अभी शेषावतार मंदिर के शिखर पर स्वर्ण कार्य बाकी है, जिसका निर्माण कार्य तेजी से चल रहा है।

राजाराम की प्राण-प्रतिष्ठा के बाद अब बालक राम के साथ राम दरबार के भी दर्शन जल्द ही शुरू किए जाएंगे। लेकिन नृपेंद्र मिश्र के अनुसार, दर्शन की व्यवस्था अभी तैयार की जा रही है, क्योंकि बड़ी संख्या में श्रद्धालु एक साथ दर्शन न कर सकें। ऐसी सावधानी बरती जा रही है। दर्शन पास की व्यवस्था की जा रही है, जो निशुल्क होगा और पास से होकर ही दर्शन किए जा सकेंगे। हालांकि मुख्य राम मंदिर का निर्माण कार्य पूर्ण हो चुका है, लेकिन परिसर में संग्रहालय, सभागार और गेस्ट हाउस जैसे अतिरिक्त निर्माण कार्य अभी जारी हैं।

# 26/11 केस : आतंकी तहव्वुर राणा की न्यायिक हिरासत बढ़ी

**नई दिल्ली।** दिल्ली की पटियाला हाउस कोर्ट ने 26/11 मुंबई आतंकी हमले के मुख्य साजिशकर्ता तहव्वुर हुसैन राणा की न्यायिक हिरासत को बढ़ाकर 9 जुलाई तक कर दिया है। सुरक्षा कारणों के चलते राणा को शुक्रवार को वर्चुअल मोड के जरिए अदालत में पेश किया गया। इस दौरान उसने कोर्ट से अपने परिवार से बात करने की अनुमति मांगी।

**स्वास्थ्य को लेकर चिंता, कोर्ट ने तिहाड़ जेल से मांगी रिपोर्ट :** राणा के वकील ने अदालत में उसके स्वास्थ्य को लेकर गंभीर चिंता जताई। कोर्ट ने इस पर संज्ञान लेते हुए तिहाड़ जेल प्रशासन को 9 जून तक मेडिकल स्टेटस रिपोर्ट दाखिल करने का आदेश दिया है। इसके अलावा, अदालत 9 जून को राणा की उस याचिका पर भी सुनवाई करेगी जिसमें उसने अपने परिवार से बातचीत करने की अनुमति मांगी है।



**पहले भी खारिज हुई थी अर्जी, एनआईए ने जताई आपत्ति :** बता दें कि इससे पहले 24 अप्रैल को विशेष न्यायाधीश चंदर जीत सिंह ने तहव्वुर राणा की परिवार से बातचीत की अर्जी को खारिज कर दिया था। राष्ट्रीय जांच एजेंसी ने याचिका का विरोध करते हुए कहा था कि राणा अगर परिजनों से बातचीत करता है, तो वह राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़ी संवेदनशील जानकारी साझा कर सकता है।

**अमेरिका से भारत लाया गया है राणा, लगे हैं गंभीर आरोप :** गौरतलब है कि पाकिस्तानी सेना के मेडिकल कोर के पूर्व अधिकारी तहव्वुर राणा को हाल ही में अमेरिका से भारत प्रत्यर्पित किया गया है। राणा पर 26 नवंबर 2008 को मुंबई में हुए भयावह आतंकी हमले की साजिश रचने का आरोप है, जिसमें 166 लोग मारे गए थे और सैकड़ों घायल हुए थे।

# बकरीद को लेकर यूपी पुलिस अलर्ट मोड पर




**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में आगामी बकरीद त्योहार को लेकर राज्य के पुलिस महानिदेशक राजीव कृष्ण ने प्रदेशभर के पुलिस अधिकारियों को सख्त और स्पष्ट दिशा-निर्देश जारी किए हैं। यह निर्देश त्योहार के दौरान शांति, कानून व्यवस्था और सांप्रदायिक सौहार्द बनाए रखने के उद्देश्य से दिए गए हैं।

डीजीपी ने सभी जिलों में संवेदनशील इलाकों और हॉटस्पॉट की पहचान कर वहां पुलिस बल, पीएसी और होमगार्ड्स की पर्याप्त तैनाती सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। इसके अलावा, धार्मिक स्थलों और उनके आसपास के क्षेत्रों में प्रभावी गश्त के आदेश भी जारी किए गए हैं।

राज्य पुलिस प्रमुख ने यह भी स्पष्ट किया है कि कुबार्नी के दौरान किसी नई परंपरा की शुरूआत नहीं होनी चाहिए, साथ ही प्रतिबंधित पशुओं की कुबार्नी पर पूरी तरह से रोक लगाने को कहा गया है।

# तीन अगस्त को होगी नीट पीजी परीक्षा शीर्ष अदालत से एनबीई को मिली मंजूरी

**नई दिल्ली।** नीट पीजी 2025 परीक्षा को लेकर बड़ी खबर सामने आई है। सुप्रीम कोर्ट ने 3 अगस्त, 2025 को नीट पीजी (स्नातकोत्तर) परीक्षा आयोजित कराने की इजाजत दे दी है। कोर्ट ने राष्ट्रीय परीक्षा बोर्ड को दी गई पूर्व समय सीमा को बढ़ा दिया है। यह परीक्षा पहले इस साल 15 जून को आयोजित होने वाली थी। जस्टिस प्रशांत कुमार मिश्रा और ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की पीठ ने साफ किया कि इस संबंध में एनबीई को कोई और समय सीमा नहीं दी जाएगी।

30 मई को सुप्रीम कोर्ट ने आदेश दिया था कि नीट पीजी परीक्षा केवल एक ही शिफ्ट में आयोजित की जाए। इसके बाद एनबीई ने शीर्ष अदालत में एक आवेदन दायर कर परीक्षा को बाद की तारीख पर पुनर्निर्धारित करने के लिए समय बढ़ाने की मांग की थी, क्योंकि एकल-शिफ्ट के आदेश का पालन करने के लिए नए सिरे से व्यवस्था करनी होगी।




एनबीई ने नई तारीख (3 अगस्त) को एकल पाली में परीक्षा आयोजित करने की मंजूरी के लिए अदालत का रुख किया था। जिसको अब मंजूरी मिल गई है।

सुप्रीम कोर्ट ने पहले ही निर्देश दिया था कि परीक्षा पूरे देश में एक ही पाली में कराई जाए ताकि निष्पक्षता और पारदर्शिता बनी रहे। यह मामला यूनाइटेड डॉक्टर्स फ्रंट की याचिका के बाद सामने आया, जिसमें दो पालियों में परीक्षा कराने के फैसले को चुनौती दी गई थी। याचिका में तर्क दिया गया था कि इससे प्रतियोगियों के लिए असमान परिस्थिति उत्पन्न हो सकती है और परीक्षा को एक ही शिफ्ट में कराने की मांग की गई थी।

**15 जून को दो पालियों में होनी थी परीक्षा :** गौरतलब है कि यह परीक्षा पहले 15 जून को दो पालियों में आयोजित की जानी थी, लेकिन सुप्रीम कोर्ट ने इस प्रारूप पर आपत्ति जताते हुए परीक्षा को स्थगित कर दिया था।

दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...






# जब स्वर्ण जयंती पार्क में निगम का चला अतिक्रमण हटाओ अभियान

## ठेली-पटरी वालों ने क्यों लगाए पार्षद पर आरोप और उठा लिया सिर पर आसमान

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** इंदिरापुरम क्षेत्र में जब नगर निगम की टीम स्वर्णजयंती पार्क के आसपास लगने वाले अतिक्रमण को हटाने पहुंची तो यहां ठेली-पटरी वालों ने भाजपा पार्षद पर आरोप लगाए और उन्होंने इसके बाद पार्षद के घर पर जाकर भी नारेबाजी की। पार्षद पर आरोपों का तूफान आ गया। दरअसल नगर निगम की टीम अतिक्रमण हटाने पहुंची थी और जब यहां अतिक्रमण हटना शुरू हुआ तो यह सारा मामला हुआ। दरअसल इंदिरापुरम क्षेत्र के स्वर्णजयंती पार्क के बाहर ठेली-पटरी वाले खड़े होते हैं। अब यह क्षेत्र नगर निगम को हैंडओवर हो चुका है और नगर निगम की टीम ने जब अतिक्रमण हटाने का अभियान शुरू किया तो ठेले वालों ने विरोध किया। विरोध करने वाले अतिक्रमण दस्ते का विरोध करते तो समझ में आता, लेकिन यहां तो पूरा मामले ने तब नया मोड़ ले गया जब ठेली-पटरी वालों ने भाजपा पार्षद के खिलाफ ही नारे लगाने शुरू कर दिये। ठेली-पटरी वालों का आरोप था कि इस वार्ड के भाजपा पार्षद का कोई व्यक्ति आता है और हमसे वसूली करता है। बताते हैं कि ठेली वालों का विरोध यहीं पर समाप्त नहीं हुआ और वो पार्षद के घर भी पहुंचे और घर के बाहर नारेबाजी की।







### पार्षद बोले- मैं क्यों हटवाता अतिक्रमण यदि मैं करता उगाही

**करंट क्राइम।** स्वर्णजयंती पार्क के आसपास खड़े होने वाले ठेली-पटरी वालों को जब नगर नगम ने हटाया तो उन्होंने अपने निशाने पर क्षेत्रीय पार्षद धीरज अग्रवाल को ले लिया। उनके खिलाफ जमकर नारेबाजी की, उन पर उगाही के आरोप लगाए। पार्षद धीरज अग्रवाल का ये कहना है कि अतिक्रमण का यह अभियान दो महीने से चल रहा था और यहां लगने वाले ठीये बंद थे। उन्होंने बताया कि दो दिन पहले इन लोगों ने बिना पूछे फिर से यहां अपने ठीये लगा लिये और जब नगर निगम ने कार्यवाही की तो मेरे घर पर भी लगभग 70-80 लोग पहुंच गए और वहां हाय-हाय के नारे लगाए। यहीं नहीं जब हमने इन्हें सुबह बजे का समय दिया तो यहां भी इन्होंने बदतमीजी करने की कोशिश की। इसके बाद फिर पुलिस को बुलाया गया। पार्षद ने कहा कि यदि मैं उगाही करता तो इन्हें हटाने की कार्यवाही क्यों करता। पार्षद ने कहा कि सड़क पर ठेला लगाने का अधिकार किसी को नहीं है और हम इन्हें रोड पर ठीया नहीं लगाने देंगे।



### मंत्री ने दिये थे पुलिस उपायुक्त को निर्देश

**करंट क्राइम।** जिस अतिक्रमण अभियान को लेकर ठेली वाले पार्षद पर आरोप लगा रहे हैं, उस अभियान के लिये लेटर भाजपा नेता विकास डागर ने लिखा था। कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा ने इस मामले में आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश पुलिस उपायुक्त को दिये थे। 4 अप्रैल को लिखे इस पत्र के बाद पुलिस उपायुक्त ने 8 अप्रैल को एसीपी को अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिये थे और एसीपी ने 8 तारीख को ही संबंधित थाना अध्यक्ष को आदेश जारी कर दिये थे।

### किसान मोर्चा के भाजपा नेता की शिकायत पर चला अभियान



**करंट क्राइम।** ठेली-पटरी वाले अतिक्रमण अभियान में भाजपा पार्षद को निशाना बना रहे हैं। वो उन पर उगाही का आरोप लगा रहे हैं, लेकिन जो दस्तावेज हैं वो ये बता रहा है कि ये कार्यवाही भाजपा किसान मोर्चा के पश्चिमी उत्तर प्रदेश कार्यसमिति सदस्य विकास डागर के पत्र पर हुई है। यह पत्र उन्होंने कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा को चार अप्रैल को लिखा था। उन्होंने अपने पत्र में ये लिखा था कि इंदिरापुरम में एक बहुत ही खूबसूरत पार्क है, जिसका नाम स्वर्णजयंती पार्क है, अब वह खूबसूरत नहीं रहा है। चारों तरफ बड़ी-बड़ी दुकान अवैध तरीके से लग चुकी है। यहां मांस की दुकानें लगने से पार्क के चारों तरफ हड्डियां पड़ी रहती हैं और पार्क के आस पास हमारे मंदिर भी हैं जिससे हमारी हिंदु धर्म की भावनाओं को बड़ी ठेस पहुंचती है। हमारी सरकार की बहुत बदनामी हो रही है। आग्रह है कि 15 अप्रैल तक दुकानों का अतिक्रमण हटाया जाए। मैं आपको पार्क के चारों तरफ की फोटो और पूरी वीडियो साझा कर रहा हूं।

### कहीं मुख्यमंत्री के दौरे के चलते तो नहीं चला है यहां बुल्डोजर

**करंट क्राइम।** पार्क के बाहर ठीये लग गए, ठेले लग गए और सामान की बिक्री हो रही है। अप्रैल महीने में भाजपा के नेता ने शिकायत की, सरकार के मंत्री ने डीसीपी को लिखा और डीसीपी ने एसीपी को निर्देश दिये और एसीपी ने थाना अध्यक्ष को निर्देश दिये। अप्रैल की कहानी जून तक आ गई और अब यहां ठेले वाले पार्षद के घर के बाहर नारे लगा रहे हैं। सूत्र बताते हैं कि इस पूरी कार्यवाही के पीछे 15 जून की तारीख अहम है। दरअसल 15 जून को मुख्यमंत्री को इस क्षेत्र में आना है। जिसके चलते पुलिस इस पूरे इलाके को अतिक्रमण मुक्त क्षेत्र बनाएगी। निगम प्रशासन नई सड़क बनाएगा और मुख्यमंत्री को सबकुछ सही दिखाई दिये इसलिये ये सख्ती हो रही है। माना यही जा रहा है कि 15 जून को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ आ सकते हैं। इसलिये भी यह अभियान चला है।

# क्या 15 जून को गाजियाबाद में होंगे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ

## कैलाश मानसरोवर का कर सकते हैं निरीक्षण और मोदी के 11 साल वाले कार्यक्रम में हो सकते हैं अतिथि

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जून के मध्य में गाजियाबाद में निरीक्षण और कई अन्य कार्यक्रमों में भाग लेने के लिए यहां आ सकते हैं। उधर विश्वसनीय सूत्रों से जानकारी मिली है कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ 15 जून को इंदिरापुरम स्थित कैलाश मानसरोवर भवन में कैलाश मानसरोवर यात्रा को लेकर की गई तैयारियों और व्यवस्थाओं का जायजा लेने पहुंच सकते हैं। इसके साथ ही जानकारी मिली है कि भारतीय जनता पार्टी संगठन की ओर से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 11 साल पूरे होने को लेकर देश और प्रदेश में बड़े कार्यक्रम आयोजित किए जाने हैं। उसी कड़ी में भी वह गाजियाबाद के कार्यक्रम में शामिल हो सकते हैं। हालांकि अभी मुख्यमंत्री योगी

### कई अन्य कार्यक्रम भी हो सकते हैं फाइनल



आदित्यनाथ के कार्यक्रम को लेकर आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है, लेकिन विश्वसनीय सूत्र बता रहे हैं कि मुख्यमंत्री के कार्यक्रम को लेकर तमाम तरीके की तैयारी अंदर खाने शुरू कर दी गई है।

### संगठन वालों से लेकर सरकारी भी बन सकता है कार्यक्रम


**करंट क्राइम :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का कार्यक्रम संगठन वालों के लिए होगा या वह सरकारी कार्यक्रम के तहत गाजियाबाद आएंगे, इसको लेकर भी अभी स्थिति क्लियर नहीं हुई है। बताया जा रहा है कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ 15 जून को गाजियाबाद में इंदिरापुरम स्थित कैलाश मानसरोवर के निरीक्षण में सरकारी कार्यक्रम के तहत आ सकते हैं। तो चर्चा भाजपा संगठन और पदाधिकारियों के बीच यह भी है कि वह संगठन के कार्यक्रम में भी शिरकत कर सकते हैं। अगर ऐसा होता है तो गाजियाबाद में मुख्यमंत्री के कार्यक्रम को देखते हुए आगामी कई दिनों तक कई तरीके के अभियान और विकास कार्यों पर जोर दिया जाएगा। साथ ही तमाम व्यवस्थाओं को दुरुस्त करने का अभियान भी व्यापक स्तर पर शुरू किया जाएगा। अब देखना होगा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का कार्यक्रम नदिया पार में बनता है या सिटी में उनकी दस्तक रहेगी।

# पूर्व पार्षद राजेंद्र त्यागी ने प्रस्तुत किया बढ़े हुए हाउस टैक्स का लेजर

## कहा- गलत तरीके से बढ़ा है टैक्स और लोग हो रहे हैं भ्रम का शिकार

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** हाउस टैक्स की बढ़ोत्तरी को लेकर तूफान थम नहीं रहा है। हाउस टैक्स बढ़ोत्तरी को भाजपा के पूर्व पार्षदों ने गलत बताया। जिसमें पूर्व सीनियर पार्षद राजेंद्र त्यागी ने मेयर से लेकर महानगर अध्यक्ष भाजपा को ये चेताया था कि जनता माफ नहीं करेगी। इसके बाद कर वृद्धि के विरोध में व्यापार मंडल आ गए और फिर भाजपा के ही पार्षदों ने टैक्स बढ़ाए जाने के खिलाफ मोर्चा खोला। वहीं इस पूरे मामले पर अधिकारी शुरू से कह रहे हैं कि इस पूरे प्रकरण पर भ्रम की स्थिति बनाई जा रही है। उनका कहना है कि दो गुणे से ज्यादा टैक्स नहीं बढ़ाया गया है। पूर्व पार्षद राजेंद्र त्यागी ने एक लेजर प्रस्तुत किया और बताया कि वो ये कह रहे हैं कि यदि बढ़े हुए हाउस टैक्स का एक भी मामला दिखा दें तो यह मैं उन्हें प्रमाण के साथ दे रहा हूं। राजेंद्र त्यागी ने कहा कि कंफ्यूजन की स्थिति बनी हुई है, लोग परेशान हो रहे हैं। पहले चार गुणा टैक्स बढ़ाकर भेजा रहा है, फिर उसे कम करने के नाम पर खेल हो रहा है। उन्होंने कहा कि नगर निगम इस मामले में स्थिति स्पष्ट करें। बोर्ड बैठक में तय करें, क्योंकि कंफ्यूजन की स्थिति बन रही है, लोग तय नहीं कर पा रहे हैं।





PROPERTY TAX INCREASED BY GHAZIABAD NAGAR NIGAM FROM TIME TO TIME

PROPERTY CODE VS1413
ZONE VASUNDHARA
WARD KAUSHAMBI
PROPERTY TYPE R
OWNER SABITA GUPTA and ARUN KUMAR GUPTA
PROPERTY NO 58, FIRST FLOOR
ADDRESS JAIPURIA ENCLAVE

| PARTICULARS | AMOUNT | INCREASE | % of INCREASE | | |
|---|---|---|---|---|---|
| PROPERTY TAX UP TO 2017-18 | 3,758.78 | | | | |
| INCREASED FROM 2018-19 TO 2020-21 | 4,135.00 | 376.22 | 10% | 1st INCREASE | |
| INCREASED FROM 2021-22 to 2022-23 | 4,754.88 | 619.88 | 15% | 2nd INCREASE | |
| INCREASED FROM 2023-24 to 2024-25 | 5,230.32 | 475.44 | 10% | 3rd INCREASE | |
| INCREASED FROM 2025-26 ONWARD | 15,624.00 | 10,393.68 | | ON 12.05.2025 | |
| NOW REVISED BILL ON 03.06.2025 | 9,725.76 | 4,495.44 | 86% | 4tH INCREASE | INCREASE OVER 2024-25 |

### साइट पर नहीं दिखता, लेकिन लेजर पर दिखाई देता है



**करंट क्राइम।** पूर्व सीनियर पार्षद राजेंद्र त्यागी ने कहा कि कंफ्यूजन की स्थिति बनी हुई है। जब आप नगर निगम की साइट पर अपना टैक्स देखेंगे तो ये नहीं दिखेगा, लेकिन जब आप लेजर पर जाएंगे तो ये दिखाई देगा। उन्होंने कहा कि यही भ्रम की स्थिति लोगों को परेशान कर रही है।

### हम दे देंगे निगम अधिकारियों को ऐसे सैकड़ों केस

**करंट क्राइम।** पूर्व सीनियर पार्षद राजेंद्र त्यागी ने कहा कि जो मामला वसुंधरा जोन का है वो सम्पत्ति कौशांबी क्षेत्र की है और ऐसे एक नहीं कई मामले हमारे पास हैं। उन्होंने बताया कि पूर्व पार्षद हिमांशु मित्तल के पास लगभग 40 से 50 केस सामने आए हैं। उन्होंने कहा कि वर्ष 2019 से कितना टैक्स बढ़ा और उसके बाद अब कितना, इसका अंतर नहीं बताया जा रहा है।

### वर्ष 2018 से बढ़ गया 86 प्रतिशत हाउस टैक्स

**करंट क्राइम।** पूर्व पार्षद राजेंद्र त्यागी वसुंधरा जोन के कौशांबी वार्ड का मामला उठाया। उन्होने यहां सविता गुप्ता और अरुण गुप्ता की सम्पत्ति का हवाला दिया। यह जयपुरिया एंक्लेव में स्थित है। जिसमें बताया गया कि वर्ष 2017-18 में इस सम्पत्ति पर कर 3758.78 था। इसके बाद 2018-19 से 2020-21 में दस प्रतिशत कर बढ़ाया गया और यह राशि 376.022 थी और यह कर बढ़कर 4135 हो गया। इसके बाद वर्ष 2022-23 में 15 प्रतिशत कर वृद्धि की गई और 4754.88 कर की राशि तय हुई और इसके बाद इसमें 15 प्रतिशत यानी 619.88 की वृद्धि हुई और 2024-25 में फिर से दस प्रतिशत कर बढ़ा और यह राशि बढ़कर 5223.32 हो गई। इसमें बताया गया है कि 2025-26 तक अब कर की राशि बढ़कर 15624 रुपए हो गई है। जो कर बढ़ाया गया है उसकी राशि 1039.68 है। इस तरह से अब जो नया रिवाइज बिल आया है वो तीन जून को आया है। जिसमें कर की राशि 9725.76 है और इसमें वृद्धि धनराशि 4495.44 है। इस तरह से चौथी बार में 86 प्रतिशत की कर वृद्धि हुई है। जो व्यक्ति वर्ष 2018 में 3758 रुपए का हाउस टैक्स चुका रहा था उसको तीन जून को 2025 को 9725 रूपए का बिल चुकता करना है।

### मुझे भेजा मनोज गोयल ने यह बिल

**करंट क्राइम।** पूर्व पार्षद राजेंद्र त्यागी ने कहा कि टैक्स वृद्धि को सभी लोग अनुचित मान रहे हैं। उन्होंने कहा कि कौशांबी के पूर्व पार्षद मनोज गोयल हैं। वर्तमान में उनकी पत्नी यहां से पार्षद हैं। राजेंद्र त्यागी ने बताया कि ये कर का यह बिल भाजपा के ही पूर्व पार्षद मनोज गोयल ने भेजा है। उन्होंने कहा कि मनोज गोयल ने मुझसे कहा कि इस तरह से कर वृद्धि हो रही है आप ही देख लो।

# साप्ताहिक पैठ बाजार में दुकान लगाने वालों का होगा रजिस्ट्रेशन, बनेगा आई कार्ड

## पुलिस और नगर निगम अतिक्रमण फैलाने वालों के खिलाफ लेगा एक्शन

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** नगर निगम क्षेत्र के अंतर्गत लगने वाले सभी प्रकार के साप्ताहिक और पैठ बाजार में दुकान लगाने वाले दुकानदारों का रजिस्ट्रेशन होगा। उनके आइडेंटी कार्ड यानी पहचान पत्र भी बनाए जाएंगे, जो पेट व्यापारी रजिस्ट्रेशन कराएंगे उनको अलग-अलग दिन अलग-अलग बाजार में जाने की अनुमति रहेगी।

वहीं बिना अनुमति और बगैर रजिस्ट्रेशन वाले दुकानदारों के खिलाफ स्थानीय पुलिस, यातायात पुलिस और नगर निगम की टीमें संयुक्त रूप से कार्रवाई करेंगी। अतिक्रमण के खिलाफ नगर निगम और ट्रैफिक पुलिस के साथ ही स्थानीय पुलिस भी एक्शन लेने के लिए स्वतंत्र रहेगी। साथ ही सड़क पर अतिक्रमण करने वालों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा-152 के तहत नोटिस जारी किया जाएगा और फिर इन दुकानदारों या पैठ बाजार के व्यापारियों को एसीपी की कोर्ट में हाजिर होना पड़ेगा। शुक्रवार को नगर निगम के सभागार में हुई बैठक के दौरान नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक के निर्देशन में टाउन वेंडिंग कमेटी और सप्ताहिक पैठ बाजारों को व्यवस्थित लगाने को लेकर मीटिंग की गई है। जिसमें नगर आयुक्त की अध्यक्षता में हुई बैठक के दौरान एडीसीपी ट्रैफिक सच्चिदानंद, एसीपी लॉ एंड ऑर्डर उपासना पांडे, एफएसओ शेषनाथ यादव, पार्षद राजीव शर्मा व ओमप्रकाश भी सदस्य के रूप में उपस्थित रहे।

### टाउन वेंडिंग कमेटी को लेकर नगर आयुक्त ने अन्य अधिकारियों के साथ की बैठक





### रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया रहेगी ऑनलाइन, जल्द बनेगी गाइडलाइन

**करंट क्राइम :** बताया गया है कि गाजियाबाद नगर निगम सीमा के अंतर्गत आने वाले सप्ताहिक पैठ बाजारों को व्यवस्थित करने के लिए टाउन वेंडिंग कमेटी की बैठक को बुलाया गया। सभी सदस्यों ने अपने-अपने विचार रखे हैं, तो पैठ विक्रेताओं के रजिस्ट्रेशन को लेकर प्रक्रिया शुरू की जाएगी। गाजियाबाद के विक्रेताओं को प्राथमिकता दी जाएगी। साथ ही ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया होगी। जिन दुकानदारों और वेंडिंग जोन में पैठ बाजार में शामिल होने वाले व्यापारियों का रजिस्ट्रेशन होगा, उनसे यूजर चार्ज भी लिया जाएगा और इसकी समय-समय पर मॉनिटरिंग भी रखी जाएगी। उन्होंने कहा है कि रजिस्ट्रेशन करने की पूरी प्रक्रिया ऑनलाइन रहेगी। तो वही दुकान पीली पट्टी के अंदर लगेगी। सड़क पर दुकानों और ठेली को नहीं आने दिया जाएगा। इसके लिए बाकायदा गाइडलाइन तैयार की जा रही है।

### 10000 का लगेगा जुर्माना या कोर्ट में अपील के लिए होगा जाना

**करंट क्राइम :** पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के अलग-अलग इलाकों में लगने वाले साप्ताहिक बाजार जाम और अतिक्रमण का मुख्य कारण हैं। इसको लेकर पुलिस कमिश्नर जे रविंदर गौड ने जानकारी दी है कि जो भी इस प्रकार से अतिक्रमण एवं अवैध रूप से दुकान लगाएगा, उनको एसीपी स्तर के अधिकारियों द्वारा नोटिस जारी किया जाएगा। नोटिस जारी करने के बाद उसके पास दो तरीके के उपाय हैं या तो वह उस स्थान को तत्काल छोड़ दे या उसे 10 हजार रुपये का जुर्माना देना होगा और जो जुर्माना नहीं देगा, उसे अपना पक्ष रखने और बचाव के लिए फिर कोर्ट का रुख करना पड़ेगा। उन्होंने बताया है कि अभी तक पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में 450 से अधिक लोगों के अवैध रूप से सड़क पर अतिक्रमण और दुकान लगाने को लेकर नोटिस जारी किए जा चुके हैं।

# जीडीए का ड्रीम प्रोजेक्ट 'हरनंदीपुरम' को धरातल पर उतारने की हो गई तैयारी

## 43 लाख के मुआवजे का पहला चेक मिला नंगला फिरोजमोहनपुर की रूबी को

**गाजियाबाद करंट क्राइम।** ग्राम नंगला फिरोज मोहनपुर की निवासी रूबी को उनके खसरा संख्या 364 मि०, रकबा 0.0759 हेक्टेयर भूमि के एवज में 43,71,840 (तेंतालीस लाख इकहत्तर हजार आठ सौ चालीस रुपये) मुआवजा का चेक जीडीए उपाध्यक्ष अतुल वत्स ने प्रदान किया।



### गाजियाबाद में स्मार्ट, सुरक्षित और समावेशी टाउनशिप की दिशा में बड़ा कदम

**करंट क्राइम।** गाजियाबाद विकास प्राधिकरण की महत्वाकांक्षी हरनंदीपुरम आवासीय योजना में शुक्रवार 06 जून को पहली रजिस्ट्री सम्पन्न हो गई। ग्राम नंगला फिरोज मोहनपुर की निवासी रूबी पत्नी दीपक कुमार को उनके खसरा संख्या 364 मि०, रकबा 0.0759 हेक्टेयर भूमि के एवज में 43,71,840 (तेंतालीस लाख इकहत्तर हजार आठ सौ चालीस रुपये) का मुआवजा प्रदान किया गया। यह रजिस्ट्री इस बहुप्रतीक्षित योजना की धरातलीय शुरूआत मानी जा रही है।

गाजियाबाद विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष अतुल कुमार वत्स द्वारा निर्देशित यह योजना एक ड्रीम प्रोजेक्ट के रूप में देखी जा रही है, जिसका उद्देश्य गाजियाबाद को स्मार्ट, पर्यावरणीय और नागरिक-केंद्रित शहरी स्वरूप मे विकसित करना है।

### जनवरी 2025 में शुरू हुई थी योजना और 169वीं बोर्ड बैठक में मिला था अनुमोदन

करंट क्राइम। हरनंदीपुरम योजना की शुरूआत वर्ष 2025 के प्रारंभ में की गई थी। इसका उद्देश्य गाजियाबाद और एनसीआर क्षेत्र के निवासियों को आधुनिक, सुरक्षित और सुनियोजित आवासीय सुविधाएँ उपलब्ध कराना है। यह योजना मई 2025 में मेरठ मंडलायुक्त एवं जीडीए अध्यक्ष ऋषिकेश भास्कर यशोद की अध्यक्षता में आयोजित प्राधिकरण की 169वीं बोर्ड बैठक में अनुमोदित की गई थी।

योजना के अंतर्गत कुल 501 हेक्टेयर भूमि का अधिग्रहण प्रस्तावित है। पहले चरण में 336 हेक्टेयर भूमि का अधिग्रहण किया जाएगा, जो कि जिले के पाँच ग्रामों—मथुरापुर, शमशेर, चंपतनगर, भनेरा खुर्द और नंगला फिरोज—से ली जाएगी। किसानों को उनकी भूमि के सर्किल रेट से चार गुना मुआवजा देने का प्रावधान है।

प्राधिकरण की हरनंदीपुरम योजना न केवल गाजियाबाद के लिए बल्कि पूरे एनसीआर क्षेत्र के लिए एक मिसाल बनेगी। इसके माध्यम से नागरिकों को एक सुरक्षित, समृद्ध और टिकाऊ जीवनशैली का अवसर मिलेगा।

### 2384 करोड़ की जमीन खरीदेगा जीडीए और चरणबद्ध तरीके से विकसित होगी योजना

योजना मे भूमि क्रय की कुल लागत 2,384 करोड़ प्रस्तावित है। इसमें से 400 करोड़ की धनराशि उत्तर प्रदेश शासन द्वारा मुख्यमंत्री शहरी विस्तारीकरण योजना के अंतर्गत उपलब्ध कराई जाएगी, जबकि शेष राशि जीडीए द्वारा अपने स्रोतों से जुटाई जाएगी। योजना को चरणबद्ध तरीके से विकसित किया जाएगा ताकि हर कार्य निर्धारित समय में पूर्ण हो सके। इस योजना के सफल क्रियान्वयन के लिए विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) तैयार करने की प्रक्रिया भी तेजी से चल रही है। देश की प्रमुख सलाहकार एजेंसियों से प्रस्ताव आमंत्रित किए गए थे और चयनित एजेंसी को दो माह के भीतर रिपोर्ट सौंपने की समय-सीमा तय की गई है।

## संपादकीय

# बदलेगी सियासत

जाति जनगणना की तारीखों का ऐलान कर सरकार ने यह संदेह दूर कर दिया कि वह इस मुद्दे को लटकाए रखना चाहती है। तय शेड्यूल के अनुसार, 1 मार्च 2027 की आधी रात को जनगणना खत्म होगी। अब अगला सवाल है कि इसके आंकड़े कितनी जल्दी सार्वजनिक होते हैं। वजह यह है कि लोकसभा परिसीमन और महिला आरक्षण का मामला भी इसी से जुड़ा हुआ है।

**राजनीतिक दबाव :** सरकार ने 2011 की सामाजिक आर्थिक और जाति जनगणना में भी जाति के आंकड़े जुटाने की कोशिश की थी, लेकिन तब उसमें इतनी विसंगतियां पाई गईं कि रिपोर्ट को सार्वजनिक नहीं किया गया। वहीं, पिछले डेढ़ दशक में सामाजिक और राजनीतिक रूप से जातिगत जनगणना का दबाव बढ़ा है। हाल में बिहार और कर्नाटक जैसे राज्यों ने इस दिशा में अपनी तरफ से कोशिश भी की, जो विवादों में घिर गई। केंद्र सरकार को इस तरह के विवादों और पिछली गलतियों से बचना होगा।

**परिसीमन पर डर** आजाद भारत में जातियों पर राजनीति हुई, लेकिन उनका हिसाब नहीं रखा गया। ऐसे में यह जातिगत जनगणना पूरे परिदृश्य को बदल कर रख देगी। इसका पहला असर होगा लोकसभा सीटों की संख्या पर, जिस पर कोई फैसला 5 दशकों से टलता आ रहा है। देश की बढ़ती आबादी को अब संसद में अपने ज्यादा प्रतिनिधि चाहिए, लेकिन उत्तर और दक्षिण के बीच जनसंख्या का अंतर बड़ी रुकावट है। दक्षिण के राज्यों ने अपनी आबादी पर उत्तर की तुलना में नियंत्रण किया हुआ है। उन्हें डर है कि परिसीमन से उनके यहां सीटें कम हो सकती हैं।

**लोकसभा सीटों पर फैसला** 1976 में इंदिरा गांधी और 2001 में अटल बिहारी वाजपेयी की सरकारों ने परिसीमन कराया था, लेकिन सीटों की संख्या नहीं बढ़ाई। इंदिरा सरकार ने 25 साल के लिए सीटें बढ़ाने पर रोक लगा दी थी। वाजपेयी सरकार ने भी इसे बरकरार रखा। 2026 में यह मियाद खत्म हो रही है यानी अब जो जनगणना होने जा रही है, उसी के आधार पर सरकार को परिसीमन से जुड़ा अहम फैसला लेना होगा।

**आरक्षण में बदलाव** जाति जनगणना के साथ जुड़ा एक और अहम सवाल आरक्षण का है। नए आंकड़ों के आधार पर आरक्षण में बदलाव की मांग उठेगी, लेकिन किसी भी तरह के बदलाव के रास्ते में जटिल राजनीतिक और कानूनी पेचीदगियां हैं। इन्हें सुलझाए बिना सरकार के लिए आगे बढ़ना मुश्किल होगा।

**चुनाव पर असर** जाति जनगणना से नए भारत के सामाजिक-आर्थिक समीकरणों को समझने में मदद मिलेगी, साथ में कुछ चुनौतियां भी होंगी। जनगणना के आंकड़े 2029 के पहले जारी हो पाते हैं या नहीं, यह सवाल अपनी जगह है, लेकिन इतना तय है कि इसका असर अगले लोकसभा चुनाव पर जरूर पड़ेगा।

# रेपो रेट में कटौती से लेकर महंगाई के अनुमानों में नरमी तक



**नई दिल्ली।** रिजर्व बैंक के गवर्नर संजय मल्होत्रा ने शुक्रवार को जून एमपीसी के फैसलों का ऐलान किया। केंद्रीय बैंक की मौद्रिक नीति समिति यानी एमपीसी की बैठक 4 से 6 जून के बीच तीन दिनों तक चली। बैंक में रेपो रेट और सीआरआर में कटौती समेत कई महत्वपूर्ण फैसले लिए गए हैं। एमपीसी के फैसलों में 10 बड़ी बातें ।

## जून की मौद्रिक नीति की 10 प्रमुख बातें

- बेंचमार्क उधार दर यानी रेपो रेट में 50 बीपीएस (आधार अंकों की कटौती की गई)। रेपो रेट अब 6 प्रतिशत से घटकर 5.5 प्रतिशत हो गई है।
- केंद्रीय बैंक ने अपनी मौद्रिक नीति का रुख उदार से बदलकर फिर से तटस्थ कर दिया है।
- भारतीय रिजर्व बैंक ने नकद आरक्षित अनुपात यानी कैश रिजर्व रेशियों में भी 100 आधार अंकों की कटौती एलान किया है। यह कदम नंवबर तक बैंकिंग प्रणाली में 2.5 लाख करोड़ रुपये की लिक्विडिटी डालने की तैयारी है।
- भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर संजय मल्होत्रा ने बताया कि वित्त वर्ष 26 के लिए खुदरा मुद्रास्फीति अनुमान को 30 आधार अंक घटाकर 3.7 प्रतिशत कर दिया गया है।
- मुद्रास्फीति का पूवार्नुमान प्रमुख घटकों में कीमतों की नरमी की ओर इशारा करता है;
- वित्त वर्ष 26 के लिए जीडीपी अनुमान 6.5 प्रतिशत पर बरकरार रखा गया है।
- वित्त वर्ष 26 के लिए चालू खाता घाटे (सीएडी) में ठहराव बने रहने की उम्मीद है।
- आरबीआई गवर्नर ने बताया कि केंद्रीय बैंक का विदेशी मुद्रा भंडार 30 मई 2025 को 692.7 अरब डॉलर से घटकर 691.5 अरब डॉलर रह गया।
- अगली एमपीसी बैठक 4 से 6 अगस्त तक होगी।
- मौद्रिक नीति से जुड़े एलानों के बाद रिजर्व बैंक के गवर्नर संजय मल्होत्रा ने प्रेसवार्ता के दौरान बताया कि जहां तक क्रिप्टो का सवाल है, केंद्रीय बैंक के रुख में फिलहाल कोई बदलाव नहीं आया है।
- आरबीआई गवर्नर ने कहा कि यह वित्तीय स्थिरता के लिए जोखिम पैदा करता है।

# सेंसेक्स 747 अंक उछला निफ्टी 25000 के पार



**नई दिल्ली।** आरबीआई के नतीजों के बाद शुक्रवार को 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 746.95 अंक या 0.92 प्रतिशत चढ़कर 82,188.99 अंक पर बंद हुआ। एनएसई निफ्टी 252.15 अंक या 1.02 प्रतिशत बढ़कर 25,003.05 अंक पर आ गया। आइए जानते हैं बाजार का हाल विस्तार से।

मौद्रिक नीति समिति के फैसलों का एलान होने के बाद घरेलू बाजार पर इसका सकारात्मक असर दिखा। रेपो रेट और सीआरआर में कटौती जैसे फैसलों ने बाजार में निवेशकों को आकर्षित किया। आरबीआई गवर्नर के एलानों के बाद उनकी ओर से मजबूत खरीदारी की गई जिसका पॉजिटिव असर प्रमुख बेंचमार्क सूचकांकों पर पड़ा।

हफ्ते के आखिरी कारोबारी दिन सेंसेक्स और निफ्टी लगातार तीसरे दिन हरे निशान पर बंद होने में सफल रहे। 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 746.95 अंक या 0.92 प्रतिशत चढ़कर 82,188.99 अंक पर बंद हुआ। वहीं, एनएसई निफ्टी 252.15 अंक या 1.02 प्रतिशत बढ़कर 25,003.05 अंक पर आ गया। बैंक निफ्टी में भी मजबूती बढ़त दिखी और यह 817.55 (1.47%) अंक चढ़कर 56,578.40 के स्तर पर बंद हुआ। रेपो रेट में 50 आधार अंकों की कटौती के बाद हफ्ते के आखिरी कारोबारी दिन रुपया डॉलर के मुकाबले 14 पैसे कमजोर होकर 85.65 (अस्थायी) के स्तर पर बंद हुआ।

# एलन मस्क और ट्रंप के विवाद से टेस्ला का नुकसान निवेशक सहमे तो कंपनी के शेयर 14% गिरे



**नई दिल्ली।** एलन मस्क और डोनाल्ड ट्रंप के बीच विवाद की खबरों के बीच इलेक्ट्रिक वाहन निमार्ता कंपनी टेस्ला को बड़ा नुकसान उठाना पड़ा है। कंपनी के शेयरों में गुरुवार को भारी गिरावट दर्ज की गई। एलन मस्क कंपनी के सीईओ हैं। यह गिरावट निवेशकों के बीच यह डर बढ़ने के कारण आई है कि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के साथ उनके विवाद से कंपनी को नुकसान झेलना पड़ेगा। अमेरिका के राष्ट्रपति की ओर से प्रस्तावित बजट बिल पर मस्क की असहमति और मस्क-ट्रंप के जुबानी जंग के बीच टेस्ला के शेयर 14% से अधिक की गिरावट के साथ बंद हुए। मस्क के यह कहने के बाद कि ट्रम्प उनकी मदद के बिना जीत नहीं पाते, ट्रम्प ने संकेत दिया कि वह संघीय सरकार को टेस्ला व स्पेसएक्स सहित मस्क की सभी कंपनियों के खिलाफ कर सकते हैं।

ट्रंप ने अपनी सोशल मैसेजिंग सर्विस ट्रुथ सोशल पर लिखा, ₹हमारे बजट, अरबों-खरबों डॉलर में पैसे बचाने का सबसे आसान तरीका एलन की सरकारी सब्सिडी और अनुबंधों को खत्म करना है। मुझे हमेशा आश्चर्य होता था कि बाइडन ने ऐसा क्यों नहीं किया! गुरुवार को हुई गिरावट ने टेस्ला के बाजार मूल्य से लगभग 150 अरब डॉलर का सफाया कर दिया।

ट्रंप से निवेशकों को डर है कि ट्रम्प शायद अमेरिका में स्वचालित कारों के भविष्य की शुरूआत करने में इतनी जल्दी में नहीं हैं, और इससे टेस्ला को नुकसान हो सकता है, क्योंकि इसका भविष्य का अधिकांश कारोबार इसी पर निर्भर करता है। वेडबश सिक्योरिटीज के विश्लेषक डैन इव्स ने कहा, डर है कि ट्रंप स्वायत्तता के मामले में मिस्टर नाइस गाइ की भूमिका नहीं निभाएंगे। रोबोटैक्सिस का पूरा लक्ष्य अगले साल 20 या 25 शहरों में रोबोटैक्सिस को लाना है। यदि आप विनियामक वातावरण को बढ़ाना शुरू करते हैं, तो यह उस रास्ते में देरी कर सकता है।

सरकारी अनुबंधों में कटौती करने की ट्रंप की धमकी मस्क के दूसरे कारोबार स्पेसएक्स पर ज्यादा लक्षित लगती है, जो उनकी निजी स्वामित्व वाली रॉकेट कंपनी है। इसे अंतरिक्ष यात्रियों और कार्गो को अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पर भेजने, सैटेलाइट लॉन्चिंग और नासा के लिए अन्य काम करने के लिए अरबों डॉलर मिले हैं।

# भारत में स्टील की खपत में 5 वर्षों में 84% की वृद्धि, 2024-25 में पहुंची 48 लाख टन

**नई दिल्ली।** घरेलू स्तर पर स्टील की खपत में पिछले पांच सालों में 84 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। भारतीय स्टेनलेस स्टील विकास संघ (आईएसएसडीए) ने यह जानकारी दी। संघ ने कहा कि वित्त वर्ष 2024-25 में इसकी खपत 48 लाख टन तक पहुंच गई है। आईएसएसडीए के अध्यक्ष राजमणि कृष्णमूर्ति ने ग्लोबल स्टेनलेस स्टील एक्सपो (जीएसएसई) 2025 में कहा कि बुनियादी ढांचे, रेलवे,हवाई अड्डों, मेट्रो जैसे क्षेत्रों में मजबूत मांग के कारण यह वृद्धि हुई है।

## 2023-24 में हुई थी 44.9 लाख स्टील की खपत



आंकड़ों के अनुसार, वित्त वर्ष 2020-21 में भारत में स्टील की खपत 26.1 लाख टन थी। वित्त वर्ष 2021-22 में यह बढ़कर 34.6 लाख टन हो गई। इसने साल दर साल में 33 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की। इसकी मांग 2022-23 में बढ़कर 39.4 लाख टन हो गई। इसके बाद 2023-24 में 44.9 लाख टन के आंकड़े को छू गई। इस बीच साल दर साल में 14 प्रतिशत की वृद्धि हुई।

## रोचक तथ्यों का करंट

- दुनिया भर में मौत का मुख्य कारण दिल की बीमारी है।
- स्वीडन के राजा गुस्ताव III ने यह साबित करने के लिए एक प्रयोग शुरू किया कि कॉफी जहरीली होती है। दो डॉक्टरों द्वारा देखरेख में, एक कैदी को उसकी मृत्यु होने तक एक दिन में तीन कप कॉफी पीने के लिए मजबूर होना पड़ा। लेकिन कैदी से पहले दोनों डॉक्टर और राजा की मृत्यु हो गई थी।
- आपके शरीर में लगभग 50 अरब कोशिकाएं प्रतिदिन मरती हैं।
- कहा जाता है कि यूनानी दार्शनिक क्रिससिपस ने अपने गधे को नशे में डालने के बाद उसे अंजीर खाने की कोशिश करते देख कर हंसते हंसते उनकी मृत्यु हो गई थी।
- हम 270 हड्डियों के साथ पैदा होते हैं, 206 के साथ मर जाते हैं।
- साल 1871 में एक जहाज के डूबने से बचने वाला एक आदमी अंतत: अपने डर को दूर करने में सक्षम था और साल 1911 में फिर से समुद्री यात्रा पर जाने का फैसला किया और टाइटैनिक के डूबने में उसकी मृत्यु हो गई।
- मस्तिष्क कोशिकाएं दिल की धड़कन रुकने के कुछ ही मिनटों में मर जाती हैं। त्वचा कोशिकाएं 24 घंटों तक जीवित रह सकती हैं।

## राशिफल

**मेष:** विवाह का योग बन रहा है। लव पार्टनर आपके आकर्षण से अछूता नहीं रह पाएगा। आप अपने प्यार भरे शब्दों से उनका दिल जीत लेंगे।

**वृष:** अपनों से धोखा मिल सकता है। प्रेम जीवन में भी काफी तनाव उत्पन्न होने की संभावना है। भगवान शिव की पूजा करना आपके लिए बेहतर साबित होगा।

**मिथुन:** रोमांटिक मूड में हैं। प्रेमी पर प्रेम बरसाना चाहते हैं। फूल आदि से मनाने की कोशिश करेंगे। प्रेमी को आपका व्यवहार और तौर-तरीका पसंद नहीं आएगा।

**कर्क:** विवाह प्रस्ताव आएंगे। लेकिन मनचाहा पार्टनर मिलने में कुछ समय लग सकता है। लेकिन जल्दबाजी में कोई भी फैसला लेने से बचें।

**सिंह:** लव लाइफ रोमांटिक रहेगी। कार्यक्षेत्र में आपको अपने दिल का दोस्त मिल सकता है। अपने प्यार भरे शब्दों से प्रेमी को खुश करेंगे।

**कन्या:** आज प्यार का इजहार किया जा सकता है। विदेश में बैठे प्रेमी से मुलाकात होने के योग हैं। शादी के बंधन में बंधने का फैसला आज लिया जा सकता है।

**तुला:** अगर किसी वजह से प्रेमी से ब्रेकअप हो गया है या पति-पत्नी के बीच तलाक की बात चल रही है तो आज सॉरी बोल दें। सारे गिले-शिकवे दूर हो सकते हैं।

**वृश्चिक:** प्यार में धोखा मिल सकता है। नए प्रेम संबंध बनाते समय सावधान रहें। किसी पुराने प्रेमी से भेंट हो सकती है।

**धनु:** वैचारिक मतभेद शादीशुदा जोड़े के रिश्ते की नींव हिला सकते हैं। तलाक पर विचार कर सकते हैं। संतान का स्वास्थ्य बिगड़ सकता है।

**मकर:** आज आप अपने घर वालों से अपनी शादी की बात कर पाएंगे और सभी का सहयोग भी आपको देखने को मिल सकता है।

**कुंभ:** आत्मविश्वास से भरपूर है। जीवन में शांति रहेगी। प्रेमी के साथ प्रेम और आनंद के पल बिताएंगे। वैवाहिक जीवन में रोमांस बरकरार रहेगा।

**मीन:** इस राशि के जातक अपने प्रेमी को खुश करने के लिए कुछ खास कर सकते हैं। लेकिन आज किसी न किसी बात पर लड़ाई जरूर हो सकती है।

## चुटकुले

लड़की अपनी स्कूटी मैकेनिक के पास लेकर गई।
लड़की- मुझे स्कूटी की सर्विस करानी है।
मैकेनिक- मैडम इंजन में दिक्कत है। और ब्रेक भी सही से काम नहीं कर रहे।
लड़की- अरे वो छोटी मोटी बातें होती रहती हैं। पहले इसका शीशा ठीक करो प्लीज...

---

रात के 10 बजे मीना देहाती डॉक्टर को फोनकर बोली...
मीना- मैं बहुत खूबसूरत हूं, गोरी हूं, देखने में बिल्कुल प्रियंका जैसी हूं।
हालांकि, रात में सांवली दिखती हूं। इसके लिए चेहरे पर क्या लगाकर सोना है।
देहाती डॉक्टर- सन ग्लासेस उतारकर सोया करो

---

महिला-सुबह से चक्कर से आ रहे हैं...
डॉक्टर-तुम्हारी नब्ज तो ठीक चल रही है, एकदम घड़ी की तरह है।
लड़की-अरे नहीं, आपने गलती से नब्ज की जगह मेरी घड़ी पर हाथ रखा हुआ

## 07 06 2025 करंट क्राइम

### सेलेब्रिटी जन्मदिन

### जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं

# आज के जन्मदिन


अमृता राव
अभिनेत्री


स्नेहा सिंह


निहारिका


श्वेता वशिष्ठ


सारिका ठाकुर


वीर सिंह चौधरी


अमरीश त्यागी


अरूण कसाना


शरद कसाना


योगेश शर्मा


देवेश त्यागी


उस्मान चौधरी


ध्रुव कुमार


राजेश गर्ग


निरंजन ओझा


साकेश शर्मा


दीपक गेरा


पंकज शर्मा


अतुल सिंह चौहान


सुमित त्यागी


गुरचरण सिंह


ललित पांड़े


नवीन


श्याम बिहारी
श्यामलाल



सूचना : आप भी अपने जन्मदिन को विशेष बना सकते हैं। अपना फोटो नाम के साथ हमें नीचे लिखे ईमेल पर भेजें। हम उसे दैनिक करंट क्राइम में स्थान देंगे।
**Email : currentcrimenews@gmail.com**

प्रिय पाठकों,
आप भी हमें भेज सकते हैं अपनी लिखी हुई कविता, चुटकुले, विचार, आर्टिकल या शहर से जुड़ी हुई कोई भी समस्या। हम उसे प्रमुखता से प्रकाशित करेंगे।

**करंट क्राइम**

K-4, A-Block, Govindpuram Commercial Area, Near LG Showroom, Ghaziabad, Mob 09899655497
Email: currentcrimenews@gmail.com
Website: www.currentcrime.com

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक मनोज कुमार ने ए.जी.एस. पब्लिकेशन, एफ-23, सैक्टर-6, नोएडा-201301 (गौतमबुद्धनगर) उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय 'करंट क्राइम' बी-2बी/295, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 से प्रकाशित किया। R.N.I NO. DELHIN/2015/65364

सम्पादक : मनोज कुमार
समाचार संपादक दीपक भाटी

संरक्षक : राकेश यादव, विवेक भाटी

दैनिक करंट क्राइम

समाचार पत्र में किसी भी तरह के डिस्प्ले एवं वर्गीकृत विज्ञापन (खोया-पाया, संबंध-विच्छेद, कोर्ट नोटिस, जीडीए सूचना, नाम परिवर्तन) आदि के लिए निम्न फोन नंबर एवं पते पर संपर्क करें।

संपर्क : के-2, ए ब्लॉक, कॉमर्शियल मार्केट, गोविन्दपुरम, गाजियाबाद
मो. : 9818606318 (हरीश कुमार)
8630290003 (विष्णु गुप्ता)

# माल्या ने पहले मुंबई के लिए लगाई बोली, आरसीबी को शराब के प्रचार के लिए खरीदा; कोहली को चुनने की वजह भी बताई

**मुंबई।** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) की टीम इस वक्त चर्चा में है। टीम ने 18 सत्रों के खिताबी सूखे को खत्म किया। आरसीबी की टीम पहली बार चैंपियन बनी, लेकिन बंगलूरू पहुंचकर उनका जश्न मातम में बदल गया। बंगलूरू में चिन्नास्वामी स्टेडियम के बाहर जश्न के दौरान फैंस की भीड़ में भगदड़ मच गई और उसमें 11 लोग जान गंवा बैठे। इसके अलावा 50 से ज्यादा लोग घायल भी हुए। 2008 से आरसीबी की टीम लीग का हिस्सा है, लेकिन 18वें सत्र में जाकर पहली बार चैंपियन बन पाई। इस दौरान कई स्टार खिलाड़ी आए और गए, लेकिन 18 सत्रों से एक खिलाड़ी जो टीम में बना रहा, वह हैं विराट कोहली। टीम की जीत के बाद फैंस ने भगोड़े विजय माल्या को भी याद किया, जो इस फ्रेंचाइजी का पहला मालिक भी है।





माल्या भारत में एक वांछित भगोड़ा बना हुआ है। हालांकि, उसने राज शमानी के साथ एक पॉडकास्ट में हिस्सा लिया और खुलासा किया कि उसने मुंबई इंडियंस सहित कुल तीन फ्रेंचाइजी के लिए बोली लगाई थी। हालांकि, माल्या मुंबई को खरीद नहीं पाया, क्योंकि मुकेश अंबानी ने सबसे ज्यादा कीमत लगाई थी। एमआई को सबसे कम मार्जिन से खोने के बाद, माल्या ने अंततः आरसीबी को 112 मिलियन अमेरिकी डॉलर (तब) की राशि चुकाकर खरीदा था। उस वक्त यानी 2008 में 112 मिलियन यूएस डॉलर की वैल्यू 600-700 करोड़ रुपये थी। माल्या ने कहा कि आरसीबी को खरीदने के पीछे उसका एकमात्र उद्देश्य अपने व्हिस्की ब्रांड 'रॉयल चैलेंज' को बढ़ावा देना था। इसके पीछे कोई क्रिकेट प्रेम नहीं था।

### 'ललित मोदी की बातों से बेहद खुश था'

माल्या ने पॉडकास्ट में कहा, 'ललित मोदी ने इस लीग को लेकर बीसीसीआई समिति के सामने जो पिच की थी, मैं उससे काफी प्रभावित हुआ था। उन्होंने एक दिन मुझे बुलाया और कहा कि ठीक है टीमों की नीलामी होने जा रही है। क्या आप इसमें से कोई टीम खरीदने में दिलचस्पी रखते हैं? इसलिए मैंने तीन फ्रेंचाइजी में दिलचस्पी दिखाई और बोली लगाई और मैं बहुत कम अंतर से मुंबई फ्रेंचाइजी नहीं खरीद सका।' माल्या ने कहा, 'जब मैंने 2008 में आरसीबी फ्रेंचाइजी के लिए बोली लगाई थी तो मैंने आईपीएल को भारतीय क्रिकेट के गेमचेंजर के रूप में देखा था। मेरी सोच एक ऐसी टीम बनाने की थी जो बैंगलोर (तब का नाम) की भावना को जीवंत, गतिशील, ग्लैमरस लुक दे। मैंने 112 मिलियन डॉलर का भुगतान किया।

### माल्या ने बताया कोहली को क्यों खरीदा?

बातचीत के दौरान माल्या ने नीलामी में विराट कोहली को खरीदने के बारे में भी बताया। हालांकि कोहली को उनकी राज्य की टीम, दिल्ली कैपिटल्स (तब दिल्ली डेयरडेविल्स) द्वारा खरीदे जाने की उम्मीद थी, लेकिन दिल्ली फ्रेंचाइजी ने प्रदीप सांगवान के लिए जाने का फैसला किया, जिससे आरसीबी को विराट को साइन करने का मौका मिला। माल्या ने कहा, 'मैंने ऐसे खिलाड़ियों को चुना जो आरसीबी को पावरहाउस बना सकते हैं। मेरे लिए अंडर-19 विश्व कप टीम के युवा खिलाड़ी विराट कोहली को खरीदना गर्व का पल था। मेरी अंदर से अहसास हो रहा था कि यह खिलाड़ी खास है। इसलिए मैंने उसके लिए बोली लगाई। चयन प्रक्रिया से कुछ समय पहले वह अंडर-19 विश्व कप खेल रहे थे और मैं उनसे बहुत प्रभावित था। इसलिए, मैंने उन्हें चुना और यह अद्भुत है कि 18 साल बाद वह अभी भी उसी टीम के साथ हैं। वह उस समय एक युवा बच्चा थे जब मैं उन्हें लेकर आया था, लेकिन आप जानते हैं वह ऊर्जा से भरपूर हैं, एक महान प्रतिभा और वह अब तक के सबसे महान भारतीय क्रिकेटरों में से एक हैं।'

# ग्रैंड स्विस शतरंज टूनार्मेंट में हिस्सा लेंगे भारत के 15 खिलाड़ी, गुकेश और प्रज्ञानंद भी शिरकत करेंगे

**नई दिल्ली।** विश्व चैंपियन डी गुकेश, अर्जुन एरिगैसी, आर प्रज्ञानंद, आर वैशाली और कोनेरू हम्पी समेत 15 भारतीय खिलाड़ियों ने उज्बेकिस्तान के समरकंद में तीन से 16 सितंबर तक होने वाले 2025 फिडे ग्रैंड स्विस और महिला ग्रैंड स्विस के लिए क्वालिफाई कर लिया है। फिडे ग्रैंड स्विस (ओपन) में गुकेश, एरिगैसी और प्रज्ञानंद के अलावा आठ अन्य भारतीय हिस्सा ले रहे हैं। इसमें अरविंद चिदंबरम, विदित गुजराती, पेंटाला हरिकृष्णा, निहाल सरीन, रौनक साधवानी, मुरली कार्तिकेयन, अभिमन्यु पौराणिक और आर्यन चोपड़ा शामिल है।

वैशाली और हम्पी के साथ महिला ग्रैंड स्विस में हरिका द्रोणावल्ली और दिव्या देशमुख भी शामिल होंगी। वंतिका अग्रवाल इस टीम की रिजर्व खिलाड़ी है। शतरंज कैलेंडर में सबसे महत्वपूर्ण आयोजनों में से एक फिडे ग्रैंड स्विस खिलाड़ियों को कैंडिडेट्स टूनार्मेंट में जगह बनाने का सीधा रास्ता देता है।





फिडे ने कहा, 'ग्रैंड स्विस की तालिका में शीर्ष दो में रहने वाले पुरुष खिलाड़ी 2026 कैंडिडेट्स टूनार्मेंट में स्थान सुरक्षित करेंगे, जबकि महिला ग्रैंड स्विस में शीर्ष दो खिलाड़ी 2026 महिला कैंडिडेट्स टूनार्मेंट के लिए क्वालीफिकेशन हासिल करेगी।' फिडे ने इसके साथ ही टूनार्मेंट में पुरस्कार राशि में बढ़ोतरी की घोषणा करते हुए कहा कि पुरुष वर्ग में 36 प्रतिशत जबकि महिला वर्ग में 64 प्रतिशत की वृद्धि की गयी है। पुरुष वर्ग की कुल इनामी राशि 6,25,000 डॉलर है जबकि महिला वर्ग के लिए यह रकम 230,000 डॉलर है।

दोनों टूनार्मेंट 11 दौर के स्विस प्रारूप में खेले जाएंगे, जिसमें विश्व भर से 170 खिलाड़ी भाग लेंगे। इसमें ग्रैंड स्विस में 114 और महिला ग्रैंड स्विस में 56 खिलाड़ी शामिल हैं।

# सबालेंका फ्रेंच ओपन के फाइनल में डिफेंडिंग चैंपियन स्वियातेक को हराकर चौंकाया



**नई दिल्ली।** दुनिया की नंबर एक खिलाड़ी एरिना सबालेंका ने इगा स्वियातेक के फ्रेंच ओपन टेनिस टूनार्मेंट में 26 मैच में जीत के अभियान को विराम लगाते हुए गुरुवार को महिला एकल फाइनल में जगह बनाई। सबालेंका ने स्वियातेक को रोलां गैरो पर हुए सेमीफाइनल मुकाबले में तीन सेट में 7-6, 4-6, 6-0 से हराकर पेरिस में पहली बार फाइनल में प्रवेश किया।

सबालेंका की जीत ने स्वियातेक को 1968 में प्रतियोगिता में पेशेवर खिलाड़ियों को प्रवेश की स्वीकृति दिए जाने के बाद से इस क्ले-कोर्ट ग्रैंड स्लैम टूनार्मेंट में लगातार चार खिताब जीतने वाली पहली महिला खिलाड़ी बनने से रोक दिया। इससे सबालेंका को अपना चौथा ग्रैंडस्लैम खिताब जीतने का मौका भी मिलेगा। सबालेंका ने अब तक अपने तीनों ग्रैंडस्लैम खिताब हार्ड कोर्ट पर जीते हैं जिसमें दो ऑस्ट्रेलियाई ओपन और एक अमेरिकी ओपन खिताब शामिल है।

बेलारूस की 27 वर्षीय सबालेंका ने कहा, 'यह अविश्वसनीय लगता है लेकिन मैं यह भी समझती हूं कि काम अभी खत्म नहीं हुआ है।' उन्होंने कहा, 'वह सबसे कठिन प्रतिद्वंद्वी है, विशेषकर क्ले कोर्ट पर, खासकर रोलां गैरो पर। मुझे गर्व है कि मैं यह जीत हासिल करने में सक्षम थी। यह एक कठिन मुकाबला था लेकिन मैं किसी तरह इसे जीतने में कामयाब रही।' सबालेंका का सामना शनिवार को होने वाले फाइनल में दुनिया की दूसरे नंबर की खिलाड़ी कोको गॉफ और 361वीं रैंकिंग वाली वाइल्ड कार्ड धारक लोइस बोइसन के बीच होने वाले मैच के विजेता से होगा।

### इरानी और वावसोरी की जोड़ी बनी फ्रेंच ओपन की मिश्रित युगल चैंपियन

इटली की तीसरी वरीयता प्राप्त सारा इरानी और एंड्रिया वावसोरी की जोड़ी ने फ्रेंच ओपन के मिश्रित युगल वर्ग के फाइनल में चौथी वरीयता प्राप्त टेलर टाउनसेंड और इवान किंग की अमेरिका की जोड़ी को शिकस्त देकर खिताब अपने नाम किया। इटली की जोड़ी ने बृहस्पतिवार को यहां सीधे सेटों में 6-4, 6-2 से आसान जीत दर्ज की। पिछले साल अमेरिकी ओपन जीतने के बाद यह उनका दूसरा बड़ा खिताब था। इरानी के लिए पेरिस में यह दूसरा बड़ा खिताब है। उन्होंने पिछले साल हमवतन जैस्मीन पाओलिनी के साथ महिला युगल में ओलंपिक स्वर्ण जीता था।

# सात्विक-चिराग की जोड़ी का सफर क्वार्टर फाइनल में हुआ समाप्त, मलयेशियाई जोड़ी के खिलाफ मिली हार

**नई दिल्ली।** सात्विकसाईराज रेंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की भारत की शीर्ष पुरुष युगल जोड़ी का सफर इंडोनेशिया ओपन सुपर 1000 टूनार्मेंट के क्वार्टर फाइनल में समाप्त हो गया। सात्विक-चिराग की जोड़ी को मलयेशियाई की मान वेई चोंग और ति काई वुन की जोड़ी के खिलाफ शुक्रवार को हार का सामना करना पड़ा। विश्व की पूर्व नंबर एक भारतीय जोड़ी 2023 में इस टूनार्मेंट की विजेता बनी थी।



### टूनार्मेंट में भारतीय चुनौती समाप्त

सात्विक-चिराग की जोड़ी को 43 मिनट तक चले मुकाबले में मलयेशियाई जोड़ी के खिलाफ 19-21, 16-21 से हार का सामना करना पड़ा। ये चोंग-वुन की जोड़ी की सात्विक-चिराग के खिलाफ पिछले पांच मैचों में पहली जीत है। सात्विक-चिराग की हार के साथ ही इस टूनार्मेंट में भारतीय चुनौती समाप्त हो गई। भारतीय जोड़ी को अपनी सर्विस और रिटर्न में संघर्ष करना पड़ा। मान-वुन ने पिछले महीने मलयेशिया मास्टर्स और जनवरी में इंडोनेशिया मास्टर्स जीता था। पहले गेम में सात्विक ने दो शॉट नेट पर मारे, जिससे मलयेशियाई टीम 9-7 से आगे हो गई। इंटरवल तक वे 11-9 से आगे थे। भारतीय जोड़ी ने इसके बाद थोड़ा आक्रामक खेल दिखाया और 11-11 से बराबरी कर ली, लेकिन मान और वुन ने 15-12 की बढ़त हासिल कर ली। मलयेशियाई खिलाड़ियों ने दो बार नेट पर शॉट मारा, जिसके बाद भारतीयों ने वापसी करते हुए 17-17 से स्कोर बराबर कर लिया, लेकिन वे इसका फायदा नहीं उठा सके। सात्विक ने नेट पर फिर से चूक की और मलयेशियाई टीम को गेम प्वाइंट दे दिया।

दूसरे गेम में भी भारतीय टीम की शुरूआत अच्छी नहीं रही और वह एक समय 3-7 से पीछे चल रही थी। मलयेशियाई टीम ने इसके बाद भी अच्छा खेल दिखाया तथा दोनों टीम के बीच अंतर को 15-9 कर दिया। भारतीय जोड़ी हालांकि आसानी से हार मानने के लिए तैयार नहीं थी और उन्होंने जल्द ही स्कोर 16झ18 कर दिया। मलयेशिया की टीम ने हालांकि इसके बाद चार मैच प्वाइंट हासिल किए और बिना किसी परेशानी के जीत हासिल करके सेमीफाइनल में जगह बनाई।

# न्यूजीलैंड ने रॉब वाल्टर को मुख्य कोच नियुक्त किया, गैरी स्टीड की जगह संभालेंगे जिम्मेदार



**न्यूजीलैंड।** न्यूजीलैंड ने गैरी स्टीड के स्थान पर रॉब वाल्टर को अपनी पुरुष क्रिकेट टीम के तीनों प्रारूपों का कोच नियुक्त किया है। वाल्टर जनवरी 2023 से इस साल अप्रैल तक दक्षिण अफ्रीका की वनडे और टी20 टीमों के कोच रहे। इससे पहले वह न्यूजीलैंड के ओटागो प्रांत और सेंट्रल डिस्ट्रिक्ट्स एसोसिएशन में पांच साल तक कोच रहे।

वाल्टर के कोच रहते हुए दक्षिण अफ्रीका ने वनडे विश्व कप 2023 और इस साल चैंपियंस ट्रॉफी के सैमी फाइनल में जगह बनाई थी। यही नहीं उन्होंने पिछले साल दक्षिण अफ्रीका को टी20 विश्व कप के फाइनल में पहुंचाने में भी अहम भूमिका निभाई थी। स्टीड 2018 से तीनों प्रारूपों में न्यूजीलैंड के मुख्य कोच थे। न्यूजीलैंड क्रिकेट ने इस सप्ताह के शुरू में घोषणा की कि वह उनके स्थान पर नए कोच की तलाश कर रहा है।

स्टीड ने मार्च में घोषणा की थी कि वह सीमित ओवरों के प्रारूपों में अपनी भूमिका से हट रहे हैं, लेकिन टेस्ट कोच के रूप में बने रहना चाहते हैं। न्यूजीलैंड क्रिकेट ने हालांकि कहा कि वह तीनों प्रारूपों के लिए एक कोच को प्राथमिकता देता है। वाल्टर ने कहा, 'ऐसे प्रतिभाशाली खिलाड़ियों और सहयोगी स्टाफ के साथ काम करना एक शानदार अवसर है। यह रोमांचक है, चुनौतीपूर्ण है और बहुत बड़ा अवसर है।'

विलियमसन ने न्यूजीलैंड क्रिकेट का केंद्रीय अनुबंध ठुकराया

पूर्व कप्तान केन विलियम्सन ने न्यूजीलैंड क्रिकेट के साथ केंद्रीय अनुबंध को फिर से अस्वीकार कर दिया है और उनका अगले महीने जिंबॉब्वे के खिलाफ दो टेस्ट मैच की सीरीज में खेलना संदिग्ध है। विलियम्सन ने पिछले साल भी केंद्रीय अनुबंध को स्वीकार नहीं किया था ताकि वह टी20 और दुनिया भर की अन्य लीगों में खेलने के लिए स्वतंत्र हो सकें। इसके बजाय उन्होंने पिछले साल एक अनौपचारिक अनुबंध पर हस्ताक्षर किए और 2024 में न्यूजीलैंड ने जो 13 टेस्ट मैच खेले उनमें से नौ मैच में हिस्सा लिया और 1,000 से अधिक रन बनाए।

### न्यूजीलैंड क्रिकेट ने 20 खिलाड़ियों की सूची जारी की

न्यूजीलैंड क्रिकेट ने मंगलवार को जिन 20 अनुबंधित खिलाड़ियों की सूची जारी की उसमें विलियम्सन का नाम शामिल नहीं है। उनके अलावा डेवॉन कॉनवे, फिन एलन, टिम सीफर्ट और लॉकी फर्ग्यूसन भी इस सूची में शामिल नहीं है। यह सभी खिलाड़ी विदेशों में टी20 लीग में खेल रहे हैं। संभावना है कि विलियम्सन फिर से अनौपचारिक अनुबंध पर हस्ताक्षर करेंगे। ऑलराउंडर मुहम्मद अब्बास और जैक फाउल्केस, विकेटकीपर मिच हे और स्पिनर आदि अशोक को पहली बार अनुबंध दिया गया है।

# फॉर्म नहीं...', भारत के पूर्व कोच चैपल की नजर में कोहली ने इस वजह से लिया टेस्ट से संन्यास

**नई दिल्ली।** ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान और भारत के पूर्व कोच ग्रेग चैपल का मानना है कि विराट कोहली का टेस्ट क्रिकेट से संन्यास लेने का फैसला उनके कौशल में गिरावट की वजह से नहीं बल्कि पिछले कुछ वर्षों में खेल के कारण उन पर पड़े मानसिक तनाव की वजह से है। चैपल ने कहा कि कोहली ने उच्चतम स्तर पर प्रदर्शन करने के लिए आवश्यक मानसिक स्पष्टता की कमी के कारण संन्यास लिया है।





चैपल ने 'ईएसपीएनक्रिकइंफो' के लिए अपने कॉलम में लिखा, 'उनका फैसला कौशल में कमी की वजह से नहीं बल्कि इस बढ़ते अहसास की वजह से था कि अब वह उस मानसिक स्पष्टता को हासिल नहीं कर सकते जिसने उन्हें इतना मजबूत बनाया था।' इस पूर्व क्रिकेटर ने कहा, 'उन्होंने स्वीकार किया कि उच्चतम स्तर पर जब तक दिमाग तेज और निर्णायक नहीं हो तब शरीर लड़खड़ाता है।'

कोहली ने पिछले महीने टेस्ट क्रिकेट से संन्यास की घोषणा की थी। उन्होंने 123 टेस्ट में भारत का प्रतिनिधित्व किया और 30 शतक की मदद से 46.85 की औसत से 9,230 रन बनाए। पूर्व भारतीय कोच ने कहा कि संदेह किसी खिलाड़ी के खेल में घुसने का तरीका ढूंढ लेता है जो धीरे-धीरे निर्णय लेने, फुटवर्क और शीर्ष स्तर के प्रदर्शन के लिए आवश्यक सहजता को प्रभावित करता है।

चैपल ने लिखा, 'जब संदेह आपके अंदर बसने लगता है तो यह निर्णय लेने में बाधा डालता है, फुटवर्क को खराब करता है और शीर्ष प्रदर्शन के लिए आवश्यक सहजता को नष्ट कर देता है। कोहली का संन्यास इस बात की याद दिलाता है कि फॉर्म दिमाग का खेल अधिक है।' बता दें कि कोहली ने 12 मई को टेस्ट क्रिकेट को अलविदा कह दिया था। उन्होंने इंस्टाग्राम पोस्ट के जरिये इसकी घोषणा की थी।

विराट पिछले कुछ समय से टेस्ट में खराब फॉर्म में चल रहे थे। इसकी वजह से उन्हें आलोचना भी झेलनी पड़ रही थी। कोहली के रहते भारतीय टीम को पिछले साल अपने घर पर कीवियों के खिलाफ तीन मैचों की टेस्ट सीरीज में क्लीन स्वीप और फिर ऑस्ट्रेलिया के हाथों हार का सामना करना पड़ा था। वह टी20 अंतरराष्ट्रीय से पहले ही संन्यास ले चुके हैं।

# भारत के खिलाफ दूसरे टेस्ट के लिए इस घातक इंग्लिश पेसर की हो सकती है वापसी, चयनकर्ता ने दिए संकेत

**इंग्लैंड।** इंग्लैंड के राष्ट्रीय चयनकर्ता ल्यूक राइट ने कहा है कि पारंपरिक प्रारूप में चार साल पहले अपना पिछला मुकाबला खेलने वाले स्टार तेज गेंदबाज जोफ्रा आर्चर अगले महीने भारत के खिलाफ टीम के दूसरे टेस्ट मैच के लिए वापसी कर सकते हैं। पांच मैच की सीरीज का दूसरा टेस्ट दो से छह जुलाई तक एजबस्टन में खेला जाएगा। वहीं, इस सीरीज की शुरूआत 20 जून से होने जा रही है। पहला मुकाबला लीड्स में खेला जाएगा।



30 साल के तेज गेंदबाज आर्चर ने कई बार चोटिल होने के कारण 2021 से प्रथम श्रेणी क्रिकेट नहीं खेला है और हेडिंग्ले में पहले टेस्ट के लिए टीम में उनके चयन के लिए भी विचार नहीं किया गया क्योंकि वह हाल ही में समाप्त हुई आईपीएल के दौरान अंगूठे में हुए फ्रेक्चर से उबरने की कोशिश कर रहे हैं। राइट ने कहा, 'जॉफ (आर्चर) काफी अच्छी तरह उबर रहे हैं। उनके लिए योजना यह है कि वह कुछ प्रथम श्रेणी मैच खेलें। ससेक्स की दूसरी टीम का हिस्सा बनें और फिर पहले टेस्ट के दौरान डरहम के खिलाफ ससेक्स के लिए खेलें।'

उन्होंने कहा, 'अगर सब कुछ ठीक रहा तो वह ससेक्स के लिए खेलेंगे और फिर अगर सब कुछ ठीक रहा तो उम्मीद है कि वह दूसरे टेस्ट के लिए उपलब्ध हो जाएंगे।' ससेक्स में आर्चर के पूर्व साथी राइट ने कहा, 'अन्य सभी गेंदबाजों की तरह उन्हें बिना किसी बाधा के हर दिन अच्छा प्रदर्शन करना होगा, लेकिन अगर सब कुछ ठीक रहा और वह डरहम मैच में सफल रहे तो वह दूसरे टेस्ट में चयन के लिए संभावित रूप से उपलब्ध हो सकते हैं।'

अंगूठे की चोट के कारण वह 29 मई से तीन जून के बीच वेस्टइंडीज के खिलाफ इंग्लैंड की एकदिवसीय सीरीज से भी चूक गए। आर्चर और तेज गेंदबाज मार्क वुड की अनुपस्थिति में इंग्लैंड का तेज गेंदबाजी विभाग क्षमता और अनुभव के मामले में कुछ कमजोर दिखता है। मार्च में लगी घुटने की चोट के कारण वुड क्रिकेट से दूर हैं।

# इंग्लैंड के खिलाफ कितने टेस्ट मैच खेलेंगे जसप्रीत बुमराह?

## कोच गौतम गंभीर ने दिया चौंकाने वाला जवाब

**नई दिल्ली।** भारतीय टीम के तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह इंग्लैंड दौरे पर सिर्फ तीन टेस्ट मैच खेलेंगे। इसकी जानकारी गुरुवार को मुख्य कोच गौतम गंभीर ने दी। उन्होंने इंग्लैंड दौरे के लिए रवाना होने से पहले प्रेस कॉन्फ्रेंस में बुमराह की फिटनेस पर बात की और बताया कि वह पांच में से सिर्फ तीन मुकाबले खेलेंगे।



### अगरकर ने दिए थे बुमराह के पांच टेस्ट मैचों में नहीं खेलने के संकेत

तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह सभी मुकाबले नहीं खेलेंगे। इसकी जानकारी मुख्य चयनकर्ता अजीत अगरकर ने भारतीय टीम का एलान करते हुए ही दी थी। उन्होंने बताया था कि कार्यभार प्रबंधन को देखते हुए बुमराह का सभी मैच में खेलना मुश्किल है। अगरकर ने प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान कहा था- जिस तरह फिजियो और डॉक्टरों ने हमें बताया है, मुझे नहीं लगता कि बुमराह सभी पांच मैचों में उपलब्ध रह सकेंगे। वह तीन या चार कितने मैचों में खेलेंगे इसका फैसला इस पर निर्भर करेगा कि सीरीज कैसी चल रही है और उनका शरीर कितना वर्कलोड ले पा रहा है। बुमराह हमारे लिए काफी महत्वपूर्ण हैं। अगर वह तीन या चार टेस्ट मैचों के लिए भी फिट रहे तो हमें टेस्ट मैच जिता सकते हैं।

अब कोच गंभीर और कप्तान गिल ने भी बताया कि बुमराह सिर्फ तीन मैच खेलेंगे। यह कौन से तीन मैच होंगे, इसका फैसला अभी नहीं हुआ है। गिल ने कहा- मुझे लगता है कि हमने पर्याप्त गेंदबाज चुने हैं और हमारे पास तेज गेंदबाजी आक्रमण भी अच्छा है। हमारा तेज गेंदबाजी आक्रमण हमें किसी भी स्थिति में हमें मैच जिताने की काबिलियत रखता है। जब आपके पास जसप्रीत बुमराह जैसा तेज गेंदबाज होता है, तो आप निश्चिंत होते हैं। जब भी वह आते हैं और खेलते हैं तो यह हमारे लिए बहुत बड़ा बढ़ावा होता है।

वहीं, गंभीर ने कहा- हमने अभी तक यह फैसला नहीं किया है कि वह कौन से तीन मैच खेलेंगे। हम उनसे चर्चा करेंगे और फिर टेस्ट सीरीज के परिणाम के आधार पर फैसला लेंगे। सीरीज का नतीजा बहुत महत्वपूर्ण है और वह भी यह जानते हैं। हम वहां जाने के बाद फैसला करेंगे।

### भारतीय टीम का इंग्लैंड दौरा (शेड्यूल)

भारतीय टीम पांच मैचों की टेस्ट सीरीज के लिए इंग्लैंड दौरे पर जाएगी। इस सीरीज का पहला टेस्ट 20 जून से लीड्स में खेला जाएगा। वहीं, दूसरा टेस्ट दो जुलाई से बर्मिंघम में खेला जाएगा। तीसरा टेस्ट 10 जुलाई से लॉर्ड्स में खेला जाएगा, जबकि चौथा टेस्ट मैनचेस्टर में 23 जुलाई से खेला जाएगा। पांचवां टेस्ट 31 जुलाई से लंदन के ओवल में खेला जाएगा। इस सीरीज के साथ ही भारत के नए विश्व टेस्ट चैंपियनशिप चक्र (2025-27) की शुरूआत भी हो जाएगी।

### बुमराह की फिटनेस हमेशा चिंता का विषय

चयन समिति ने गिल को कप्तानी सौंपी है जो टेस्ट में भारत के 37वें कप्तान होंगे। ऋषभ पंत इस सीरीज के लिए उपकप्तान नियुक्त किए गए हैं। भारत और इंग्लैंड के बीच 20 जून से पांच मैचों की टेस्ट सीरीज शुरू हो रही है। बुमराह ने रोहित की अनुपस्थिति में ऑस्ट्रेलिया दौरे पर दो मैचों में टीम की कमान संभाली थी, लेकिन वह पांचवें टेस्ट मैच के दौरान चोट के कारण बाहर हो गए थे। बुमराह की फिटनेस और कार्यभार प्रबंधन हमेशा ही चिंता का विषय रहा है और यही कारण है कि रोहित शर्मा के संन्यास लेने के बाद भी चयनकताओं ने उन्हें कमान नहीं सौंपी।

**पांच मैचों की सीरीज के लिए भारतीय टीम:** शुभमन गिल (कप्तान), ऋषभ पंत (विकेटकीपर/उपकप्तान), यशस्वी जायसवाल, केएल राहुल, साई सुदर्शन, अभिमन्यु ईश्वरन, करुण नायर, नीतीश रेड्डी, रवींद्र जडेजा, ध्रुव जुरेल (विकेटकीपर), वॉशिंगटन सुंदर, शार्दुल ठाकुर, जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद सिराज, प्रसिद्ध कृष्णा, आकाश दीप, अर्शदीप सिंह और कुलदीप यादव।

# होटल मालिक की हत्या का खुलासा दो ग्रेजुएट आरोपी गिरफ्तार

## बिजनेस और पैसों के विवाद में की थी हत्या



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** पुलिस ने होटल मालिक राहुल डागर की हत्या के मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों से 32 बोर की पिस्टल और कारतूस बरामद किए हैं। एसीपी नंदग्राम पूनम मिश्रा के अनुसार, 2 जून को राजनगर एक्सटेंशन में राहुल डागर की गोली मारकर हत्या की गई थी। इस घटना में आशीष डगर नाम का एक व्यक्ति भी घायल हुआ था।

गिरफ्तार आरोपियों में मोहित चौधरी और रितेश बिंदल शामिल हैं। मोहित इग्नू से बीएससी ग्रेजुएट है। रितेश ने दिल्ली यूनिवर्सिटी से बीबीए किया है। पुलिस जांच में पता चला कि राहुल और मोहित पहले साथ बिजनेस करते थे। बाद में मोहित ने नागेंद्र के साथ बिजनेस शुरू कर दिया। इससे राहुल को आर्थिक नुकसान हुआ। रितेश बिंदल राहुल से ब्याज पर पैसे लेता था। रितेश ने नागेंद्र से भी पैसे लेने शुरू कर दिए। इससे राहुल नाराज था। राहुल ने मोहित को उसके परिवार के सामने पीटा था। साथ ही पैसों के लिए रितेश के घर जाकर गाली-गलौज भी की थी। घटना वाले दिन सभी आरोपी रितेश के घर पर इकट्ठा हुए। वहां शराब पार्टी की। राहुल ने उसी दिन फोन पर धमकी दी थी। आरोपियों ने राहुल को वहीं बुलाया। पहले मारपीट हुई, फिर गोली मारकर हत्या कर दी गई। इस मामले में कुल सात आरोपी नामजद हैं, जिनमें दो अज्ञात हैं।

## शालीमार गार्डन में निर्जला एकादशी पर मीठा जल पिलाकर कमाया पुण्य



**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** शालीमार गार्डन में निर्जला एकादशी पर आरडब्ल्यूए के लोगों ने छबील लगाई। सड़कों के किनारे राहगीरों ने तपती धूप में ठंडा-मीठा पानी पीकर राहत महसूस की। निर्जला एकादशी का पुण्य पाने के लिए लोगों ने कहीं पानी की सेवा दी तो कहीं जूस बांटा गया। हाल में हुई बारिशों के बाद आसमान में खिले सूरज की तपिश से हर कोई परेशान था। गर्मी से निजात पाने के लिए लोगों ने निर्जला एकादशी पर लगी छबीलों का सहारा लिया। मुख्यरूप से पार्षद राहुल शर्मा, सुमित गर्ग, एचके जायसवाल, राजेंद्र गर्ग, देवेंद्र मोहन महाजन, शंभूनाथ, प्रेम नारायण वार्ष्णेय, वी एस सक्सेना, विनय कक्कड़, एम एल कपूर, एस सी पाहवा, शशि प्रभा जायसवा, वीरेश चंद्र सिंह ने राह चलते लोगों छबील लगाकर राहगीरों की प्यास बुझाई और पुण्य कमाया।

## मेवला भट्टी के शिवमंदिर में मूर्ति स्थापना पर विशाल भंडारे का आयोजन



**गाजियाबाद करंट क्राइम।** लोनी के मेवला भट्टी स्थित शिव मंदिर में मूर्ति स्थापना कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत मूर्तियों के गांव भ्रमण से की गई। समूचा गांव भगवान भोलेनाथ के जयकारों से गूंज उठा ।इसके बाद हवन-पूजन किया गया और विशाल भंडारे का भी आयोजन किया गया। इस अवसर पर योगेन्द्र बैसला ने बताया कि मंदिर परिसर में बाउंड्रीवाल ओर पौधारोपण जैसे शेष कार्य विधिवत रुप से जारी रहेंगे, जिससे मंदिर प्रांगण में साफ-सफाई बनी रहेगी। इस अवसर पर सुरेश प्रधान, अभिमन्यु बैसला, विनोद प्रधान जी, महेश फौजी साहब, मन्नू बैसला, मनोज मास्टर, अनिल बंसल, तिलकराम गुरुजी, आशीष गुर्जर, अमित डीपी, देशवीर सिंह बैसला, रोहित डीपी, अंकित डीपी, मास्टर शिवा बंसल, राहुल बंसल, धर्मवीर बंसल, आदेश बंसल, शक्ति गुर्जर, सोनू बैसला, मोहित बैसला, गौरव बैसला, अरुण बैसला, महते बंसल व मंदीप बैसला सहित बडी संख्या में महिलाएं व गणमान्य नागरिक शामिल हुए।




### मंडल अध्यक्षों को करा दिया रिमाईंड, ज्यादा ना लगायें टीम के लिए अपना माइंड

पार्टी जब से पॉवर में आई है। तब से छोटे से छोटा दायित्व भी बड़ा सा टॉवर हो गया है। बूथ अध्यक्षों के घर के बाहर ढोल बजाकर नेम प्लेट लग रही है। मंडल वाली टीम में आने के लिए अलाने जी भाईसाहब से लेकर संगठन के फलाने जी तक सिफारिशें लग रही हैं। इधर मंडल प्रधान अलग ही आसमान पर हैं। सुना है वो भी अपनी पसंद के नामों की लिस्ट लिये घूम रहे हैं। कई मंडलों में तो मंडल प्रधानों ने गारंटी भी ले ली है। फूल वाले बता रहे हैं कि खेल तो ऐसा होगा कि गारंटी फेल हो जायेगी। सुना है कि मंडल अध्यक्षों को रिमांइड करा दिया गाय है कि वो अपना माइंड ज्यादा ना लगायें। उन्हें बता दिया गया है कि अपनी पसंद के एक उपाध्यक्ष और एक महामंत्री का नाम दे दें, बाकी लिस्ट ऊपर से आयेगी। अब ऊपर का मतलब तो समझ ही गये हैं सब देवतुल्य।

### फ्लावर वालों के यहां खिल रही है नीले कैडर वाली अलग फुलवारी

फूल वालों का आलम इन दिनों अलग चल रहा है। संगठन शिल्पी ने कुनबा एक्सटेंशन प्रोग्राम चलाया था और फिर ये हुआ कि मिस कॉल के दम पर एक भारी पलटन दूसरे दलों से आ गई। वरिष्ठ भाजपाई सोचते रहे कि उन्होंने उम्र संगठन में गुजारी है तो सब जानते ही होंगे और नए भाजपाई 50 मिसकालों के दम पर सक्रिय होकर आ गये। रिकार्ड है कि तीन बार के मंत्री बालेश्वर त्यागी का नाम सक्रिय सूची में नहीं था। नाम तो और भी थे ये अलग बात है कि वो बाद में करैक्ट किये गये। और फिर ये सक्रिय सूची में एड किये गये। अब फूल वाले ही बता रहे हैं कि भाजपा में हमारे यहां अलग-अलग फ्लावर की फुलवारी खिल रही है। जो नीली बगिया से आये हैं वो भी वरिष्ठ भाजपाई है। इनमें एक डिप्टी सीएम है एक राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार हैं और एक आते ही वरिष्ठ भाजपाई हो गये हैं। फूल वाले ने ही बताया कि अब सीन ये है कि नीली बगिया वाले भाजपाई आपस में एक दूसरे से दुआ सलाम रखते हैं। पुरानी जान पहचान का पूरा ख्याल रखते हैं। रही बात पुरानों की तो वो तो अब सिर्फ समय का तमाशा देख रहे हैं।

### नहीं बन रही बात वरना वो तो कल की बजाय आज छोड़ दें हाथ

हाथ वाले सत्ता से बहुत दूर चल रहे हैं। 11 साल केन्द्र से बाहर हैं और यूपी में तो एक जमाना गुजर गया, उन्हें सत्ता के आस-पास भी फटकते हुए। हाथ वालों की फौज भी चुनावी रण 2027 के लिए तैयार हो रही है। यहां संगठन के कप्तानों को बता दिया गया है कि सक्रिय लोगों को ही लेना है। अब संगठन वाले कप्तान भी जानते हैं कि पुराने वाले कितने महान है। जिनकी जमानते जब्त हुई थी वो सब प्रदेश में सेट हो गये। हाथ वालों के हाईकमान के तकमित्रों से सीनियर लीडर अब तंग आ चुके हैं। वो दूसरे दलों में अवसर तलाश रहे हैं। बताने वाले ने बताया कि वो तो कल की बजाय आज ही हाथ छोड़ दें। मगर दिक्कत ये है कि बात नहीं बन रही है। खाली देवतुल्य बन कर वो फूल वालों के यहां झंडा उठाने जाना नहीं चाहते और फूल वालों के यहां लाईन इतनी लंबी है कि वो अब किसी भी वरिष्ठ नेता को मनुहार करके बुलाना नहीं चाहते। वरना यहां तो एक ऐसी फेहरिस्त है कि फूल वाले कल बुलायें तो वो आज ही जाकर उनके दरवाजे पर बैठ जायें।

## गाजियाबाद में चल रहे 12 हजार अवैध इंडस्ट्रीज, सर्वे में हुआ खुलासा



**गाजियाबाद करंट क्राइम।** देश की राजधानी दिल्ली से सटे गाजियाबाद जिले के रेजिडेंशियल एरिया में अवैध रूप से हजारों इंडस्ट्रीज चलाई जा रही हैं। सरकार के विभागों की ओर से ज्वाइंट रूप से किए गए सर्वे में इसका खुलासा हुआ है। जानकारी के मुताबिक, गाजियाबाद में सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्योग यानी टरटए की कुल 1 लाख से ज्यादा इंडस्ट्रियल यूनिट रजिस्टर्ड हैं। इनमें से करीब 45 हजार मैन्युफैक्चरिंग यूनिट्स हैं। बता दें कि शहर में ज्यादा इंडस्ट्रियल यूनिट होने से प्रदूषण का भी खतरा बढ़ता जा रहा है। उत्तर प्रदेश स्टेट इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट अथॉरिटी (वढरएऊअ) की ओर से गाजियाबाद में 12 इंडस्ट्रियल एरिया विकसित किए गए हैं। इसके बावजूद अवैध तरीके से उद्योग चल रहे हैं।

### विभाग ने तैयार की लिस्ट

सरकारी विभागों की ओर से एक सर्वे किया गया, जिसमें पता चला कि इंडस्ट्रियल एरिया में कई उद्योग अवैध तरीके से चल रहे हैं। ये उद्योग पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड के स्टैंडर्ड को पूरा नहीं करते हैं। हाल ही में उद्योग केंद्र और पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड की ओर से सर्वे करके इन अवैध यूनिट की लिस्ट तैयार की है।

इनमें टेक्सटाइल, फिनिशिंग कॉटन, चमड़े के जूते, पेपर, रबर प्रोडक्ट, इलेक्ट्रिक गुड्स, मशीनरी पार्ट्स जैसी यूनिट्स शामिल हैं। इन यूनिट्स की कुल संख्या 5 हजार से ज्यादा हैं। वहीं, सर्विस देने वाली भी 7 हजार यूनिट्स इंडस्ट्रियल एरिया में चल रहे हैं। सर्वे के मुताबिक, गाजियाबाद जिले के कई रेजिडेंशियल एरिया में ऐसे अवैध उद्योग चल रहे हैं। इनमें पटेल नगर, सेवा नगर, शिब्बनपुरा, जगदीश नगर, रविदास नगर, नंदग्राम, घूकना, पीले क्वार्टर, लाल क्वार्टर, जटवाड़ा और मालीवाड़ा जैसे एरिया शामिल हैं। अधिकारियों के मुताबिक, इन इलाकों में बिना पुख्ता इंतजाम के इंडस्ट्रियल और कमर्शियल एक्टिविटीज हो रही हैं।

बताया जा रहा है कि गाजियाबाद 2031 लागू नहीं हो पाने की वजह से उद्योग करने वाले लोगों को जमीन नहीं मिल पा रही है। इसकी वजह से वे अवैध कॉलोनियों और क्षेत्रों में अपने उद्योग लगा रहे हैं। जानकारी के मुताबिक, अब इन अवैध उद्योगों के खिलाफ कार्रवाई की तैयारी की जा रही है।

## आईएमएस गाजियाबाद (यूनिवर्सिटी कोर्सेस कैम्पस) ने किया पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन








**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** राष्ट्रीय सेवा योजना (एस.एस.आर. क्लब) के द्वारा सिटी होक्स सेंटर नालेज पार्क तीन ग्रेटर नोएडा में पर्यावरण दिवस के अवसर पर पौधरोपण अभियान एवं स्वच्छता कार्यशाला का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर सिटी होक्स सेंटर ग्रेटर नोएडा के प्रख्यात पर्यावरणविद् स्वेता कंचन एवं मोहित अरोड़ा के साथ आई.एम.एस के एन.एस.एस. यूनिट के सदस्यों के साथ पर्यावरण के विभिन्न आयामों पर विस्तारपूर्वक चर्चा कर जागरूक किया गया, इसके उपरांत छात्रों ने समीप ही बह रही हिंडन रिवर फ्रंट को साफ सफाई कर झाड़ियों से मुक्त किया एवं वृक्षारोपण किया वृक्षारोपण में स्वदेशी तकनीक से उत्पन्न जैविक खाद का प्रयोग किया गया। इस अवसर पर 150 से अधिक पौधों को लगाया गया जिसमें मुख्यतः क्षेत्रीय प्रजातियों के वृक्ष जैसे आम, नीम, सागवान, कनेर, करीपत्ता, जामुन इत्यादि लगाये गये। इसके पश्चात पर्यावरणविद् स्वेता कंचन एवं मोहित अरोड़ा ने पर्यावरण दिवस पर अपना विचार व्यक्त करने हुए बताया कि पर्यावरण को संरक्षित करने के लिए वर्ष में कम से कम एक पौधा अवश्य लगाना चाहिए एवं तालाब-नदी-पोखर को दूषित नहीं करना चाहिए, जल का दुरुपयोग नहीं करना चाहिए। पशु-पक्षियों के प्रति दया का भाव रखें। इस कार्यक्रम में संस्थान की निदेशिका डॉ. पूजा रस्तोगी, विभागाध्यक्षिका डॉ. सुरभि जौहरी उपस्थित रही।

कार्यक्रम अधिकारी डा. ऋषि कुमार सिंह के साथ में शशांक सिवाल, कुशाग्र, दिपांशु, मुस्कान तिवारी, गौरव शर्मा, अमान, अर्जुन नेहरा, प्रिया चौधरी आदि स्वयंसेवकों ने रैली के माध्यम से आमजनमानस को पर्यावरण के बारे में जागरूक किया।

## उत्तर प्रदेश में शादी को लेकर बदल गए नियम, पंजीकरण के समय इनकी मौजूदगी होगी जरूरी



**गाजियाबाद करंट क्राइम।** उत्तर प्रदेश में अब शादी का पंजीकरण कराने के नियम में बदलाव हो गया है। इस संबंध में शुक्रवार शाम को शासनादेश जारी किया गया है। अब शादी का पंजीकरण वैवाहिक स्थल के आधार पर नहीं बल्कि वर-वधू या उनके माता-पिता के निवास स्थान के आधार पर संबंधित तहसील के सब रजिस्ट्रार के कार्यालय में किया जाएगा। इसके साथ ही शादी का पंजीकरण कराने के दौरान परिवार के एक सदस्य की उपस्थिति होना अनिवार्य है, यदि परिवार के सदस्य नहीं आएंगे तो शादी कराने वाले पंडित, मौलवी, पादरी को गवाही देने के लिए आना पड़ेगा। उनको गवाही देने के साथ ही शपथ पत्र भी जमा करना होगा, इसके साथ ही शादी की वीडियो भी पेन ड्राइव में जमा करनी होगी।
एआईजी स्टांप पुष्पेंद्र कुमार ने बताया कि शादी के पंजीकरण को लेकर शासनादेश शुक्रवार को जारी कर दिया गया है। शनिवार से नए नियम का पालन किया जाएगा। इस संबंध में सभी सब रजिस्ट्रार को निर्देश जारी कर दिए गए हैं। बता दें कि पहले शादी का पंजीकरण वैवाहिक स्थल के आधार पर कर दिया जाता था, इसमें कई बार फर्जी तरीके से शादी कराने को लेकर सवाल उठते रहे हैं।
शादियों के पंजीकरण में फजीर्वाड़े पर रोक लग सके, इसके लिए प्रदेश सरकार ने नया नियम बनाया है। शादी का पंजीकरण कराने के वक्त गवाह के रूप में अब परिवार के सदस्यों में माता, पिता, भाई, बहन, दादा, दादी, नाना, नानी, पुत्र, पुत्री में से ही किसी एक की गवाही मान्य होगी।






**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** सहकारिता क्रय विक्रय समिति के अध्यक्ष वीरेंद्र सारस्वत के लाडले पौत्र मेहुल सारस्वत का जन्मदिन है। मेहुल ने अपने 11वें जन्मदिन पर अपने दादा वीरेंद्र सारस्वत और अपनी दादी रेनू सारस्वत के चरण स्पर्श कर उनका आशीर्वाद लिया। दादा वीरेंद्र सारस्वत और दादी रेनू सारस्वत ने अपने लाडले पौत्र मेहुल को जन्मदिन पर ढेरों आशीर्वाद दिए और बालक के सर्व कल्याण सर्व खुशी की कामना की। दादा दादी तथा पूरे परिवार ने मेहुल के यशस्वी जीवन उत्तम स्वास्थ्य लंबी आयु ओर सर्व खुशहाली की कामना की। मेहुल सारस्वत को सभी ने जन्मदिन पर बधाई शुभकामनाएं और आशीर्वाद प्रदान किया।




## अब लाइन वाले गेट के आएंगे अच्छे दिन

पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम निर्माण कार्यों की बहार आई हुई है, तो सुनने में आ रहा है कि जल्द ही सिटी जोन के कई थानों में सुधार व निर्माण का नया काम शुरु होने वाला है। बीते कुछ समय से तमाम तरीके के निर्माण कार्य और सौंदर्यीकरण के कार्य तेज गति से चल रहे हैं। इसी बीच गाजियाबाद पुलिस कमिश्नरेट की पुलिस लाइन के मुख्य गेट के अच्छे दिन आने की जानकारी मिली है। बताया जा रहा है कि पुराने गेट को तोड़कर उसे पहले से बड़ा और बेहतर खूबसूरत बनाया जाएगा। इसको बेहद हाईटेक अंदाज में भी विकसित किया जाएगा। साथ ही मिल्क शॉप को भी शिफ्ट किया जा रहा है ताकि मार्ग चौड़ा हो जाए और आने जाने में लोगों को किसी प्रकार की परेशानी ना आए। उधर पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में पुलिस ऑफिस में बन रहे अधिकारियों के मीटिंग हॉल और कैफेटेरिया की भी शुक्रवार से विधिवत शुरूआत हो गई है। यहां पुलिस कमिश्नर द्वारा तीनों जोन के डीसीपी और अन्य अधिकारियों के साथ बैठक की गई है। बताया जा रहा है कि कैफेटेरिया में स्पेशल घड़ी भी लगाई गई हैं, जो देश से लेकर विदेश तक का समय बताएंगी। इसके साथ ही पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम के अन्य कार्यालयों और भवन भी सुधारे जा रहे हैं। उधर सूत्रों से जानकारी मिली है कि पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में सिटी वाले साहब के कार्यालय का भी कायाकल्प शुरू हो गया है। तो वहीं जानकारी मिली है कि सिटी जोन के सबसे टेंशन वाले थाने और रेलवे पुल के निकट वाले थाने में भी जल्द मरम्मत और सुधार कार्य शुरू होने वाला है। दोनों ही थानों की तस्वीर बदलती हुई नजर आएगी। इसके साथ ही देहात में भी कई थानों को लेकर बेहतर काम होने की जानकारी पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में अधिकारियों से मिल रही है। कुल मिलाकर कुछ दिनों पहले तक जहां के बारे में अधिकारियों की कोई सोच व विजन नजर नहीं आता था अब वहां की तस्वीर ही बदलती जा रही है। कुल मिलाकर पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में पुलिस ऑफिस के बाद पुलिस लाइन और अधिकारियों के कार्यालयों के अच्छे दिन आने की जानकारी मिल रही है। इस बीच पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद की लाइन के गेट के अच्छे दिन आएंगे, उसके लिए निर्माण कार्य और मरम्मत व्यवस्था शुरू कर दी गई है।




## निर्जला एकादशी पर मनोकामना अपार्टमेंट आरडब्ल्यूए ने वितरित किया मीठा पानी

### स्थानीय पार्षद शिल्पा चौधरी व आशीष चौधरी ने राह चलते लोगों को शरबत का वितरण किया



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** निर्जला एकादशी के उपलक्ष मे शुक्रवार को वसुंधरा सेक्टर-4 ए स्थित मनोकामना अपार्टमेंट के गेट पर मीठे पानी का वितरण किया गया। आरडब्ल्यूए की ओर से आयोजित शरबत वितरण में बडी संख्या में लोगों ने शरबत पीकर अपनी प्यास बुझाई।

स्थानीय पार्षद शिल्पा चौधरी व भारतीय जनता पार्टी के युवा मोर्चा के महानगर उपाध्यक्ष आशीष चौधरी व समस्त कॉलोनी वासियों ने राह चलते लोगों को शरबत का वितरण किया। आरडब्ल्यूए अध्यक्ष बृजपाल सिंह ने कहा कि बताया कि निर्जला एकादशी के उपलक्ष में ठंडा पानी के वितरण का काफी महत्व होता है। निर्जला एकादशी पर मीठे पानी के वितरण को पुण्य का काम माना जाता है। महासचिव भारत डोर्बी ने बताया कि यह कार्यक्रम अत्यधिक गर्मी को देखते हुए आगे भी आयोजित किया जाएगा।

इस अवसर पर अध्यक्ष बृजपाल सिंह, महासचिव भारत डोर्बी, उपाध्यक्ष संजय डोभाल, उपाध्यक्ष पवन राठी, विवेक शर्मा, राकेश कुमार सिंह, सार्थक तोमर, प्रवीण तिवारी, पुनीत पियूष भट्ट , रेनू शर्मा, हेमंत राजपूत, राकेश शर्मा, सी बी सक्सेना, रोहन डोर्बी, गौरांग शर्मा, हर्षित विनोद शर्मा, आर एन सक्सेना, आशीष चौहान व अन्य कॉलोनीवासी उपस्थित रहे।

## महानगर कांग्रेस कोर्डिनेटर ने सृजन कार्यशाला में जाना फ्रंटल संगठनों का हाल



**गाजियाबाद करंट क्राइम।** महानगर कांग्रेस कमेटी की ओर से शुक्रवार को कंपनी बाग स्थित महानगर कार्यालय पर संगठन सृजन कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में महानगर कोर्डिनेटर राजकुमार पण्डित ने अभियान के बारे में विस्तार से बताया। कार्यशाला में सभी महानगर कांग्रेस कमेटी के फ्रंटल प्रकोष्ठों के अध्यक्ष और उनकी कमेटी के अन्य सदस्य शामिल हुए।

महानगर अध्यक्ष वीर सिंह जाटव की अध्यक्षता में आयोजित कांग्रेस कमेटी संगठन सृजन कार्यशाला में संगठन को मजबूत करने के तौर-तरीकों के बारे में बताया गया। कोर्डिनेटर राजकुमार पंडित ने कहा कि प्रत्येक कार्यकर्ता पार्टी के मजबूत सिपाही है। सभी फ्रंटल संगठनों को एक टीम के रूप में कार्य करते रहना होगा। अहमदाबाद सम्मेलन में पार्टी के शीर्ष नेतृत्व ने संगठन को मजबूत करने का संकल्प व्यक्त किया गया। यह संकल्प सभी कार्यकताओं के लिए है। महानगर कोऑर्डिनेटर राजकुमार पंडित ने कहा कि सभी फ्रंटल संगठनों को अपनी कमेटियों का जल्द गठन कर इसकी रिपोर्ट प्रदेश नेतृत्व को भेजना होगा। उन्होंने कहा कि संगठन ही सर्वपरि है। संगठन ने कार्यकताओं को जो जिम्मेदारी दी है, उसे समय के भीतर पूरा करना सभी कार्यकताओं के लिए अनिवार्य है। उन्होंने सभी फ्रंटल संगठनों के पदाधिकारियों से संगठन की रिपोर्ट पेश करने को कहा, लेकिन ज्यादातर पदाधिकारी रिपोर्ट नहीं पेश कर पाए।

कार्यशाला में सभी वरिष्ठ नेताओं ने भी संगठन सृजन पर अपने विचार व्यक्त किए। इस सर्जन संगठन कार्यशाला की बैठक में मुख्य रूप से महानगर फ्रंटल कोऑर्डिनेटर राजकुमार पंडित, बैठक का संचालन बाबूराम शर्मा ने किया। इस अवसर पर श्रीचंद दिवाकर, महानगर विधि विभाग गाजियाबाद अध्यक्ष एडवोकेट चन्द्रपाल, एडवोकेट इमरान, एडवोकेट आशा कुमारी ,अशरफ, एडवोकेट ,संजय कर्दम, एडवोकेट मनोज कुमार, प्रदेश सचिव सेवादल प्रेम प्रकाश चीनी, त्रिलोक सिंह,रवि शंकर सूर्या, रियाज अहमद, हरिराम, विनोद कुमार शर्मा, शकील अहमद, परवीन भारती, गोपाल भाटी, पवन शर्मा, खुशनुमा परवीन, राजकुमार शर्मा, राजेश कुमार आदि पदाधिकारी और कार्यकर्ता शामिल हुए।

## 22 जून को बिजली कर्मचारियों की महापंचायत

### बिजली के निजीकरण के विरोध में पिछले 6 माह से आंदोलन कर रहे कर्मचारी




**नई दिल्ली।** विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति उत्तर प्रदेश ने 22 जून को लखनऊ में आंदोलन व महापंचायत का ऐलान किया है। बिजली कर्मचारी पिछले 6 माह से निजीकरण का विरोध कर रहे हैं। इसमें उपभोक्ताओं, किसानों और बिजली कर्मियों की महापंचायत में बड़े आंदोलन का निर्णय लिया जायेगा।
निजीकरण का विरोध जारी रहेगा विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति उत्तर प्रदेश ने पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम एवं दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम के निजीकरण के विरोध में 6 माह से चल रहे संघर्ष में किसानों और आम उपभोक्ताओं को साथ जोड़कर आंदोलन चलाने का निर्णय लिया है। संघर्ष समिति ने 22 जून को लखनऊ में किसानों, आम उपभोक्ताओं और बिजली कर्मियों की संयुक्त महापंचायत बुलाई है। जिसमें निजीकरण रद्द कराने के लिए आंदोलन की साझा रणनीति का ऐलान किया जाएगा। इस महापंचायत का मुख्य उद्देश्य यह है कि निजीकरण से प्रभावित होने वाले सभी संवर्ग एक साथ मिलकर आंदोलन करें। स्टेकहोल्डर्स किसानों, आम गरीब व मध्यमवर्गीय घरेलू उपभोक्ताओं और बिजली कर्मियों के संगठनों के प्रमुख पदाधिकारी सम्बोधित करेंगे। इस महापंचायत में निजीकरण के लिए पावर कार्पोरेशन प्रबंधन द्वारा दिए जा रहे झूठे आंकड़ों का पदार्फाश करते हुए एक श्वेत पत्र जारी किया जाएगा। निजीकरण के बाद उड़ीसा, चंडीगढ़, दिल्ली, ग्रेटर नोएडा, आगरा में उपभोक्ताओं को होने वाली कठिनाइयों और बिजली कर्मियों की दुर्दशा से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को और प्रदेश सरकार को अवगत कराने के लिए एक प्रस्ताव पारित किया जाएगा। सभी संगठनों को लिया जाएगा साथ 22 जून की महापंचायत में यह भी निर्णय लिया जाएगा कि ऐसी महापंचायत तत्काल वाराणसी, आगरा, मेरठ और प्रदेश में अन्य प्रमुख स्थानों पर की जाएगी।
महापंचायत में निजीकरण के विरोध में संयुक्त रूप से आंदोलन चलाने की रणनीति का खुलासा किया जाएगा।
गाजियाबाद में आज विरोध सभा स्काडा ट्रेनिंग सेंटर कविनगर गाजियाबाद में हुई। जिसमें अमित त्रिपाठी, अरशद अली, बी के शर्मा, अजय शर्मा, वंश बहादुर, सिकंदर, धर्मेंद्र, योगेंद्र कुमार, अरविंद सूर्या, अरुण नागर, ललित कुमार, पंकज भारद्वाज, वाहिद अली, धीरज त्यागी, विजय शर्मा, राज सिंह, शेर सिंह त्यागी रहे।

# भारतीय शिष्टमंडल की मुहिम जारी, थरूर बोले पाकिस्तान के बारे में कहीं भी अच्छा नहीं सुना



**जर्मनी में प्रतिनिधि मंडल ने की अहम बैठकजर्मनी की राजधानी बर्लिन में भाजपा सांसद रविशंकर प्रसाद के नेतृत्व में सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल ने जर्मन बुंडेस्टैग के सदस्य राल्फ ब्रिंकहॉस और विदेश मामलों की समिति के अध्यक्ष आर्मिन लाशेट के साथ बैठक की**

**जर्मनी ।** आतंकवाद एक वैश्विक अभिशाप है- रविशंकर प्रसाद इस दौरान भाजपा सांसद रविशंकर प्रसाद ने कहा, 'इस भव्य संसद के उपाध्यक्ष के साथ बहुत अच्छी बैठक हुई। हमने आतंकवाद पर विचारों का आदान-प्रदान किया, वह बहुत स्पष्ट थे। आतंकवाद एक वैश्विक अभिशाप है और उन्होंने अपने लोगों को सुरक्षा देने के लिए भारत के प्रयासों की भी सराहना की और वैश्विक स्तर पर हमें आतंकवाद के क्षेत्र में मिलकर काम करने की जरूरत है और साथ ही इन दो महान देशों के बीच अच्छे आर्थिक सहयोग की भी जरूरत है। जर्मनी दुनिया में एक बड़ी आर्थिक शक्ति है और भारत भी दुनिया में एक बड़ी आर्थिक शक्ति है'।

भाजपा सांसद रविशंकर प्रसाद के नेतृत्व में सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल ने बर्लिन में जर्मन बुंडेस्टाग के उपाध्यक्ष ओमिद नूरीपुर से मुलाकात की।

सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल के नेता और भाजपा सांसद रविशंकर प्रसाद ने कहा कि भारत के साथ एकजुटता में उन्होंने जो दयालु शब्द कहे हैं, उससे मैं प्रोत्साहित हुआ हूं। जर्मनी और भारत के बीच लंबे समय से मित्रता है। एक महान भविष्य है। अर्थव्यवस्था के क्षेत्र में बातचीत है और दो लोकतांत्रिक शक्तियों के बीच समझ है। आतंकवाद एक वैश्विक संकट है। मैं आतंकवाद के इस खतरे के खिलाफ उनकी गहरी अस्वीकृति से बहुत प्रभावित हूं। जो शांति, स्थिरता और लोकतांत्रिक मूल्यों के लिए एक वैश्विक चुनौती बन रहा है।

भाजपा सांसद रविशंकर प्रसाद के नेतृत्व में सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल ने जर्मन बुंडेस्टैग के सदस्य राल्फ ब्रिंकहॉस और विदेश मामलों की समिति के अध्यक्ष आर्मिन लैशेट के साथ बैठक की। बैठक के बाद विदेश मामलों की समिति के अध्यक्ष आर्मिन लैशेट ने कहा कि भू-राजनीतिक स्थिति में यह एक बहुत ही महत्वपूर्ण क्षण है। हम जर्मनी के करीबी मित्र भारत को बर्लिन में पाकर खुश हैं।

# जापान के चंद्र मिशन को बड़ा झटका
## निजी लैंडर चंद्रमा पर दुर्घटनाग्रस्त



**टोक्यो ।** जापान का एक निजी चंद्र लैंडर शुक्रवार को लैंडिंग की कोशिश करते समय दुर्घटनाग्रस्त हो गया। टोक्यो स्थित कंपनी आईस्पेस ने लैंडर से संपर्क टूटने के कई घंटे बाद मिशन के फेल होने की घोषणा की। फ्लाइट कंट्रोलर संपर्क स्थापित करने के लिए काफी देर तक मशक्कत करते रहे, लेकिन उन्हें सफलता नहीं मिली। फ्लोरिडा से जनवरी में लॉन्च किया गया रेजिलिएंस पिछले महीने चंद्रमा की कक्षा में प्रवेश कर गया था।

सीईओ और संस्थापक ताकेशी हाकामाडा ने मिशन में योगदान देने वाले सभी लोगों से माफी मांगी। यह आईस्पेस के लिए दूसरा चंद्र स्ट्राइकआउट था। दो साल पहले कंपनी का पहला मूनशॉट क्रैश लैंडिंग में खत्म हो गया था। इस वजह से इस बार लैंडर का नाम 'रेसिलिएंस' रखा गया था। रेसिलिएंस अपने साथ चंद्रमा की धूल इकट्ठा करने के लिए फावड़े के साथ एक रोवर और चंद्रमा की धूल भरी सतह पर रखने के लिए एक स्वीडिश कलाकार के खिलौने के आकार का लाल घर ले गया था। कंपनी के अधिकारियों ने कहा कि यह कहना बहुत जल्दबाजी होगी कि क्या एक ही समस्या ने दोनों मिशनों को बर्बाद कर दिया। हाकामाडा ने संवाददाताओं से कहा, 'यह दूसरी बार है, जब हम लैंड नहीं कर पाए। इसलिए हमें वास्तव में इसे बहुत गंभीरता से लेना होगा।' उन्होंने जोर देकर कहा कि कंपनी और अधिक चंद्र मिशनों के साथ आगे बढ़ेगी। अधिकारियों ने कहा कि प्रारंभिक विश्लेषण से संकेत मिलता है कि ऊंचाई मापने के लिए लेजर सिस्टम ने योजना के अनुसार काम नहीं किया और लैंडर बहुत तेजी से नीचे उतरा। कंपनी ने एक लिखित बयान में कहा।

# ऑपरेशन स्पाइडर वेब के बाद यूक्रेन पर रूस के हमले तेज, कीव में चार लोगों की मौत, 20 घायल



**कीव ।** ऑपरेशन स्पाइडर वेब के बाद, रूस ने यूक्रेन पर मिसाइल और ड्रोन हमले तेज कर दिए हैं। रूस ने शुक्रवार सुबह यूक्रेन की राजधानी कीव पर बैलिस्टिक मिसाइल और ड्रोन से हमला किया। इस हमले में कम से कम चार लोगों की मौत हो गई और 20 लोग घायल हो गए। कीव के मेयर विटाली क्लिट्स्को ने कहा कि कई स्थानों पर खोज-बचाव अभियान जारी है।

दरअसल, ऑपरेशन स्पाइडर वेब के तहत यूक्रेन ने रूसी सैन्य हवाई अड्डों पर ड्रोन से हमले किए थे। यूक्रेन के इन हमलों से गुस्साए रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने कहा था कि रूस इन हमलों का जवाब जरूर देगा, जिसके बाद से यूक्रेन में रूसी मिसाइल और ड्रोन हमले जारी हैं।

कीव में एक साथ हुए कई विस्फोट कीव सिटी एडमिनिस्ट्रेशन के प्रमुख तैमूर तकाचेंको ने बताया कि राजधानी कीव में शुक्रवार सुबह एक साथ कई विस्फोट हुए। यूक्रेन की वायु रक्षा प्रणाली ने रूस के हमलों को रोकने का प्रयास किया, जिसके चलते आसमान से गिरते मलबे से कई जिलों में आग लग गई। नागरिकों से आश्रय लेने की अपील स्थानीय अधिकारियों ने नागरिकों से आश्रय लेने की अपील की है। तकाचेंको ने टेलीग्राम पर लिखा कि हमारे वायु रक्षा दल हर संभव प्रयास कर रहे हैं। लेकिन हमें एक-दूसरे की रक्षा करनी चाहिए। हमें सुरक्षित रहना चाहिए। दो स्टेशनों के बीच मेट्रो ट्रैक क्षतिग्रस्त हुआ तकचेंको ने कहा कि अधिकारियों ने कई जिलों में नुकसान की सूचना दी है। बचाव कर्मी भी कई स्थानों पर प्रतिक्रिया दे रहे हैं। उन्होंने बताया कि सोलोमेन्स्की जिले में, 16 मंजिला आवासीय इमारत की 11वीं मंजिल पर आग लग गई। आपातकालीन सेवाओं ने अपार्टमेंट से तीन लोगों को निकाला, और बचाव अभियान जारी है। एक और आग धातु के गोदाम में लगी। उन्होंने कहा कि हमले में कीव में दो स्टेशनों के बीच मेट्रो ट्रैक क्षतिग्रस्त हो गए, लेकिन कोई आग या चोट नहीं लगी। चेर्निहिव क्षेत्र में बिल्डिंग के पास फटा शाहेद ड्रोन क्षेत्रीय सैन्य प्रशासन प्रमुख दिमित्रो ब्रायजिन्स्की के अनुसार, उत्तरी चेर्निहिव क्षेत्र में एक शाहेद ड्रोन एक अपार्टमेंट बिल्डिंग के पास फट गया।

# बकरीद से पहले बेरूत में इस्राइली सेना का एक्शन, हिजबुल्ला के ड्रोन सेंटर पर ताबड़तोड़ हमले



**ईद-अल-अधा से एक दिन पहले गुरुवार को इस्राइली सेना ने लेबनान की राजधानी बेरूत के दक्षिणी इलाके में हिज्बुल्लाह के ड्रोन निर्माण से जुड़े अंडरग्राउंड ठिकानों पर हमला किया। इस्राइली सेना ने बताया कि ये हमले चार अलग-अलग स्थानों पर आठ इमारतों को निशाना बनाकर किए गए**

**बेरूत ।** नवंबर में अमेरिका की मध्यस्थता से हुए संघर्ष विराम के बाद पहली बार एक महीने से अधिक समय बाद बेरूत के आसपास हमला हुआ है।

हालांकि दक्षिण और पूर्वी लेबनान में इस्राइल की ओर से रोजाना हमले जारी हैं, जिसे लेबनान सरकार संघर्ष विराम का उल्लंघन मानती है। सेना के अनुसार, हिज्बुल्लाह ईरान के आतंकी समूहों की मदद से बड़ी संख्या में ड्रोन बना रहा है और भविष्य के युद्ध की तैयारी कर रहा है।

लेबनान सरकार का दावा- अब तक 4000 से अधक लोगों की मौत लेबनान सरकार का कहना है कि इस संघर्ष में अब तक 4,000 से अधिक लोग मारे जा चुके हैं, जिनमें सैकड़ों आम नागरिक भी शामिल हैं। हिज्बुल्लाह पर अपने हथियार छोड़ने का दबाव बढ़ रहा है, लेकिन उनका कहना है कि जब तक इस्राइल हमले बंद नहीं करता और सीमावर्ती इलाकों से पूरी तरह नहीं हटता, वे अपने हथियार नहीं छोड़ेंगे।

# बाल यौन शोषण करने वालों पर इंटरपोल ने कसा शिकंजा
## यूरोप और अमेरिका समेत 12 देशों से 20 लोग गिरफ्तार



**लियान ।** अंतरराष्ट्रीय आपराधिक पुलिस संगठन (इंटरपोल) ने बाल यौन शोषण करने वालों पर शिकंजा कसा है। इंटरपोल ने एक अभियान के जरिये अमेरिका और यूरोप समेत 12 देशों से 20 लोग गिरफ्तार किए हैं। इसमें स्वास्थ्यकर्मी और शिक्षक शामिल है।

इंटरपोल ने बताया कि पिछले साल पुलिस अधिकारियों को बाल यौन शोषण की तस्वीरें प्रसारित करने वाले ऑनलाइन मैसेजिंग समूहों के बारे में पता चला। इसके बाद स्पैनिश पुलिस के साथ मिलकर अभियान शुरू किया गया। इसके बाद अधिकारियों ने एक स्वास्थ्य देखभाल कर्मी और एक शिक्षक सहित सात संदिग्धों को गिरफ्तार किया।

स्वास्थ्य देखभाल कर्मी पर आरोप है कि उसने पूर्वी यूरोप में नाबालिगों को भुगतान करके उनकी आपत्तिजनक तस्वीरें ली थीं। जबकि शिक्षक पर ऑनलाइन प्लेटफार्मों के जरिये बाल यौन शोषण सामग्री रखने और साझा करने का आरोप है।

वहीं लैटिन अमेरिका के अधिकारियों ने सात देशों में 10 संदिग्धों को गिरफ्तार किया। इनमें अल साल्वाडोर में तीन और पनामा में एक शिक्षक शामिल है। शेष संदिग्धों को यूरोप और संयुक्त राज्य अमेरिका के अन्य हिस्सों में गिरफ्तार किया गया। इंटरपोल ने बताया कि अब तक 68 अतिरिक्त संदिग्धों की पहचान की गई है। जांच चल रही है।

# चीन में भारतीय राजदूत ने चीनी विदेश मंत्रालय के शीर्ष अधिकारी से मुलाकात की



**भारत और चीन के शीर्ष राजनयिकों के बीच गुरुवार को द्विपक्षीय संबंधों को लेकर अहम बैठक हुई। जिसमें दोनों देशों के नेताओं द्वारा पिछले वर्ष तय किए गए साझा सहमति बिंदुओं को लागू करने पर बातचीत की गई**

**बीजिंग ।** यह मुलाकात भारतीय राजदूत प्रदीप कुमार रावत और चीन के उप विदेश मंत्री सुन वेइडोंग के बीच बीजिंग में हुई। इस बैठक को ऑपरेशन सिंदूर के बाद भारत और चीन के बीच पहली औपचारिक कूटनीतिक बातचीत मानी जा रही है।

चीन के विदेश मंत्रालय द्वारा जारी बयान में कहा गया कि दोनों पक्षों ने नेतृत्व स्तर पर हुई सहमति को गंभीरता से लागू करने की प्रतिबद्धता जताई है। इसके अलावा, सांस्कृतिक आदान-प्रदान और पारस्परिक लाभ के लिए सहयोग को बढ़ावा देने, मतभेदों का उचित प्रबंधन करने और द्विपक्षीय संबंधों को स्थिर और स्वस्थ दिशा में आगे बढ़ाने के उपायों पर भी चर्चा की गई।

चीन की ओर से सुन वेइडोंग( पहले भारत में चीन के राजदूत रह चुके हैं और वर्तमान में दक्षिण एशिया मामलों के प्रभारी हैं ) ने बैठक में भारत के साथ संबंधों को लेकर सकारात्मक संकेत दिए।

बैठक ऐसे समय में हुई है जब दोनों देश कैलाश मानसरोवर यात्रा को पुनः शुरू करने की तैयारियों में लगे हैं। यह यात्रा 2020 में पहले कोविड-19 महामारी और फिर लद्दाख में सैन्य गतिरोध के कारण स्थगित कर दी गई थी।

विदेश मंत्रालय (एमईए) ने 26 अप्रैल को घोषणा की थी कि यात्रा जून से अगस्त के बीच दो मार्गों उत्तराखंड के लिपुलेख दर्रे और सिक्किम के नाथू ला मार्ग से आयोजित की जाएगी। गौरतलब है कि लद्दाख में पूर्वी सीमा पर करीब चार वर्षों तक चले सैन्य तनाव के बाद अक्तूबर 2024 में डेमचोक और डेपसांग से सैनिकों के पूर्ण विसंगति के बाद भारत-चीन संबंधों को सामान्य करने के लिए प्रयास तेज किए गए। पीएम नरेंद्र मोदी और चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग की रूस के कजान में हुई मुलाकात में कई द्विपक्षीय संवादों को पुनः शुरू करने पर सहमति बनी थी।

इस बैठक के महत्त्व को ऑपरेशन सिंदूर की पृष्ठभूमि में भी देखा जा रहा है, जिसे भारत ने 22 अप्रैल को पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले के जवाब में शुरू किया था, जिसमें 26 लोगों की मौत हुई थी। इसके बाद 7 मई को भारत ने पाकिस्तान और पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर में आतंकवादी ठिकानों पर सर्जिकल स्ट्राइक की थी।

# भारत के साथ 1972 में हुए शिमला समझौते पर पाकिस्तानी विदेश मंत्रालय बोला- अभी तक रद्द नहीं



**इस्लामाबाद ।** शिमला समझौते को लेकर लगातार हो रही चचाओंं के बीच पाकिस्तानी विदेश मंत्रालय ने अपना एजेंडा साफ किया है। पाकिस्तान के विदेश मंत्रालय ने स्पष्ट किया है कि भारत के साथ किसी भी द्विपक्षीय समझौते को रद्द करने का फिलहाल कोई औपचारिक फैसला नहीं लिया गया है। यह बयान उस समय आया है जब एक दिन पहले पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने कहा था कि 1972 का शिमला समझौता अब अपनी वैधता खो चुका है।

पाकिस्तान की एक अखबार से बातचीत में विदेश मंत्रालय के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि भारत की हालिया कार्रवाई और बयानों के चलते आंतरिक स्तर पर जरूर चचाएं हुई हैं, लेकिन अभी तक कोई औपचारिक या अंतिम निर्णय नहीं लिया गया है। उन्होंने साफ कहा कि इस समय किसी भी द्विपक्षीय समझौते को रद्द करने का कोई औपचारिक फैसला नहीं लिया गया है।

### पाकिस्तानी रक्षा मंत्री ने किया था दावा

बता दें कि इससे एक दिन पहले एक टीवी इंटरव्यू में ख्वाजा आसिफ ने दावा किया था कि भारत के एकतरफा कदमों की वजह से शिमला समझौता अब निरर्थक दस्तावेज बन चुका है। उन्होंने कहा कि 1972 में जो द्विपक्षीय ढांचा बना था, वह अब खत्म हो गया है और अब विवादों का समाधान अंतरराष्ट्रीय मंचों के जरिए ही संभव है।

इसके साथ ही उन्होंने 2019 में जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 हटाए जाने को भी द्विपक्षीय रिश्तों की बुनियाद को कमजोर करने वाला कदम बताया। आसिफ ने सिंधु जल संधि की वर्तमान स्थिति पर भी सवाल उठाए और कहा कि जब शिमला समझौता खत्म हो चुका है तो बाकी संधियों का भी क्या भविष्य होगा। क्या है शिमला समझौता, समझिए गौरतलब है कि शिमला समझौता भारत और पाकिस्तान के बीच 1971 युद्ध के बाद 1972 में हुआ था। इसका उद्देश्य दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय मुद्दों को आपसी बातचीत से सुलझाना था। अब पाकिस्तान के भीतर इसे खत्म करने की आवाजें भले उठ रही हों, लेकिन आधिकारिक रूप से यह समझौता अभी भी लागू है।

# 30 साल में सबसे कम लोग हज करने सऊदी पहुंचे
## कोविड-19 की अवधि छोड़ मंत्रालय ने जारी किए आंकड़े



**इस्लामाबाद ।** सऊदी अरब में 30 सालों में इस साल सबसे कम लोग हज करने के लिए पहुंचे हैं। सऊदी अरब के हज मंत्रालय ने बृहस्पतिवार को जारी आंकड़ों में यह जानकारी दी। मंत्रालय ने इस अवधि में कोविड-19 महामारी के समय को शामिल नहीं किया है। हालांकि, मंत्रालय ने यह नहीं बताया कि जायरीनों की कम संख्या के पीछे क्या कारण रहा है।

हज मंत्रालय ने एक्स पर पोस्ट कर बताया कि इस साल हज यात्रा में केवल 1,673,230 मुस्लिम ही आए। हज मंत्रालय ने बताया कि इन जायरीनों में से अधिकांश सऊदी अरब के बाहर से थे, यानी विदेशी थे।

2012 में हज करने सबसे ज्यादा मुसलमान पहुंचे हज मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार, पिछले साल की तुलना में इस साल लगभग 160,000 हाजियों की संख्या कम है। हज मंत्रालय का कहना है कि यह संख्या कोविड-19 महामारी की तुलना में बहुत कम है। महामारी से पहले हर साल 2 मिलियन (20 लाख) से ज्यादा लोग हज करने के लिए आते थे। 2012 में हज यात्रा के लिए पहुंचे लोगों ने रिकॉर्ड तोड़ दिया है। इस साल 3.16 मिलियन से ज्यादा मुसलमान हज करने के लिए पहुंचे थे।

कोरोना महामारी के दौरान सरकार ने लगाए थे प्रतिबंध सऊदी अरब सरकार ने कोविड-19 महामारी के दौरान हज करने वालों की संख्या को बहुत सीमित कर दिया था। 2020 से 2022 तक बहुत कम लोगों को ही हज करने की अनुमति दी गई थी। महामारी के बाद, 2023 में पहली बार बिना किसी पाबंदी के हज हुआ था।

इस्लाम के पांच स्तंभों में से एक है हज हज इस्लाम के पांच स्तंभों में से एक है। यह मुसलमानों का एक धार्मिक दायित्व है, जिसमें अनुष्ठान और पूजा-पाठ शामिल है। यह मुसलमानों के लिए जीवन भर का आध्यात्मिक अनुभव होता है, जिसमें वह अल्लाह से अपने गुनाहों की क्षमा मांगते हैं। हालांकि, इस साल महंगाई, आर्थिक संकट, बहुत ज्यादा गर्मी और कड़े नियमों के कारण बहुत लोग हज नहीं कर पाए हैं।

पैगंबर ने माउंट अराफात में दिया था आखिरी उपदेश इससे पहले, बृहस्पतिवार को जायरीन अराफात में इबादत और चिंतन करने के लिए इकट्ठा हुए। इस्लाम में अराफात का बहुत महत्व है। माउंट अराफात मक्का के दक्षिण-पूर्व में एक पहाड़ी है, जो इस्लाम में बहुत पवित्र मानी जाती है। अराफात का उल्लेख कुरान में किया गया है। माना जाता है कि यहीं पर पैगंबर मुहम्मद ने अपने अंतिम हज के दौरान आखिरी उपदेश दिया था।

शुक्रवार को जायरीन मीना के एक विशाल तंबू शहर में जाएंगे। जहां वह शैतान को पत्थर मारने की रस्म निभाएंगे। यह रस्म खंभों पर कंकड़ फेंककर पूरी की जाती है।

# नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक ने किया गौशाला का निरीक्षण

## गोवंशों की संख्या को देखते हुए अतिरिक्त शेड डलवाने के दिये निर्देश

### नगर आयुक्त ने निरीक्षण के उपरांत गोवंशों को डाला हरा चारा, टीम को सेवा भाव से कार्य करने के लिए किया मोटिवेट

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** महापौर सुनीता दयाल तथा नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक के नेतृत्व में निराश्रित गोवंशों की विशेष देखभाल गाजियाबाद नगर निगम द्वारा की जा रही है जिसके चलते समय-समय निगम अधिकारी नंदी पार्क गौशाला की व्यवस्थाओं का जायजा ले रहे हैं। नगर आयुक्त द्वारा गौशाला का जायजा लिया गया नंदिनी तथा नंदी दोनों तरफ भ्रमण करते हुए व्यवस्थाओं को देखा गया मौके पर उपमुख्य पशु चिकित्सा एवं कल्याण अधिकारी डॉक्टर अनुज तथा निर्माण विभाग के मुख्य अभियंता नरेंद्र कुमार चौधरी भी उपस्थित रहे।

### गौशाला में रखा जाए सफाई का विशेष ध्यान : नगर आयुक्त



**करंट क्राइम।** नगर आयुक्त द्वारा भ्रमण के दौरान साफ - सफाई व्यवस्था का जायजा लिया गया तथा नियमित सफाई को बनाए रखने के लिए निर्देश दिए गए। नगर आयुक्त ने व्यवस्थाओं का जायजा लेने के उपरांत गोवंशों को हरा चारा डाला, तथा वहां उपस्थित सभी सुपरवाइजर तथा कर्मचारियों को भी सेवा भाव से कार्य करने के लिए मोटिवेट किया गया। गाजियाबाद नगर निगम गौशाला में 963 नंदी तथा 935 नंदिनी है जिनकी पूर्ण रूप से देखभाल विभाग द्वारा की जा रही है नगर आयुक्त द्वारा अधिकारियों को समय-समय पर पशुओं की मेडिकल जांच के लिए भी निर्देश दिए गए।

### गर्मी के चलते गौशाला में बढ़ाई गई पंखों की संख्या



**करंट क्राइम।** नगर आयुक्त द्वारा बताया गया की बढ़ती गर्मी को देखते हुए तथा गोवंशों की संख्या को ध्यान में रखते हुए अतिरिक्त शेड लगाने के लिए निर्माण विभाग को निर्देश दिए गए कार्य प्रारंभ किया गया। इसके अलावा गर्मी से बचाव के लिए गौशाला में पंखों की संख्या बढ़ाई गई। वर्तमान में 1898 गोवंश गौशाला में है, नगर आयुक्त द्वारा भ्रमण के दौरान पेयजल की व्यवस्था भूसा एवं चारे की व्यवस्था को भी देखा गया, गौशाला में 63 कर्मचारी कार्य कर रहे हैं उनके रहने की व्यवस्था को भी नगर आयुक्त द्वारा देखा गया। डॉ. अनुज द्वारा बताया गया कि गोवंशों के पेयजल हेतु चार बड़े नलकूप लगे हुए हैं जिनसे जलापूर्ति की जाती है। गर्मी को देखते हुए 40 पंखे गौशाला में हैं। नगर आयुक्त के निर्देश अनुसार 15 अतिरिक्त पंखे भी लगा दिए गए हैं। 10 बड़े कूलर भी गौशाला में लगे हुए हैं।

# हिंदू साम्राज्य दिवस उत्सव में दिखेगा जावा वाहिनी का जलवा

### महाराणा प्रताप के वंशज और महारानी रहेंगी मुख्य अतिथि, भव्य शोभा यात्रा और बलिदान पथ पर होगा कार्यक्रम का समापन

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** हिंदू साम्राज्य दिवस के उपलक्ष पर इस वर्ष भी आठ जून को भव्य आयोजन किया जाएगा। बलिदान पथ नवयुग मार्केट पर यह कार्यक्रम समाप्त होगा। इस कार्यक्रम की शुरूआत ठाकुरद्वारा मोड़ से होगी जो चौपला मंदिर होते हुए नवयुग मार्केट बलिदान पथ पर आकर समाप्त होगा। इस कार्यक्रम में भारत माता सांस्कृत संस्थान और कई अन्य हिंदूवादी संगठनों की भी भूमिका देखने को मिलेगी।

कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण जावा वाहिनी होगी। जिसमें 35 बुलेट मोटरसाइकिल पर महिलाओं को वीरांगनाओं के वेशभूषा में प्रस्तुत किया जाएगा। यह अस्त्र-शस्त्र और पारंपरिक परिधान के साथ शोभायात्रा में शामिल होंगी। इस दौरान 500 महिलाएं कलश लेकर भी शामिल होंगी। साथ ही ऊंट-घोड़े और अन्य झांकियां भी प्रदर्शित की जाएगी। इस कार्यक्रम में इस बार मुख्य अतिथि के रूप में महाराणा विश्वराज सिंह मेवाड़ जो की मेवाड़ राजवंश के 77वें उत्तराधिकारी महाराणा प्रताप के वंशज हैं। तो वहीं महारानी महिमा कुमारी मेवाड़ कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगी और वहां उपस्थित लोगों को संबोधित करेंगी। कार्यक्रम में कार्यक्रम अध्यक्ष की भूमिका राहुल सिंह की रहेगी, जो प्रखर वक्ता हैं। साथ ही मुख्य अतिथि के रूप में उच्चतम न्यायालय के अधिवक्ता विष्णु शंकर जैन और कई हिंदू मामलों की कोर्ट में पैरवी करने करने वाले हैं।

वहीं पिछले दिनों जिस तरीके से संभल का विषय अंतरराष्ट्रीय स्तर पर आया था, उसमें भी उनकी महत्वपूर्ण भूमिका रही है। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में आमजन की भी भागीदारी देखने को मिलेगी।




#### इस बार सातवां आयोजन होने जा रहा है

**करंट क्राइम :** शुक्रवार को आरडीसी स्थित एक रेस्टोरेंट में भारत माता सांस्कृत संस्थान गाजियाबाद द्वारा वार्ता का आयोजन किया गया। प्रेसवार्ता में संस्थान के अध्यक्ष विजय कुमार ने जानकारी दी है कि सैकड़ो वर्षों से मुगलों के निरंकुश शासन के बाद शिवाजी महाराज का राज्य अभिषेक हुआ था। भारत के इतिहास में हिंदू पद पादशाही की स्थापना भी इसी दिन को मानी जाती है। इसे एक भव्यता और उत्साह के साथ इस वर्ष सातवीं वर्षगांठ के रूप में मनाया जाएगा। पदाधिकारियों ने जानकारी दी है कि जिस तरीके का कार्यक्रम गाजियाबाद में आयोजित किया जाता है, ऐसा कार्यक्रम केवल मेवाड़ में ही आयोजित होता है।

#### झांकी और बाल रूप में प्रदर्शित किए जाएंगे कई क्रांतिवीर

**करंट क्राइम :** कार्यक्रम के बारे में संस्थान के प्रचार प्रमुख विपिन त्यागी और मनजीत द्वारा जानकारी दी गई है कि इस कार्यक्रम में कलश यात्रा के अतिरिक्त महिला वाहिनी द्वारा तलवारबाजी का प्रदर्शन, बुलेट मोटरसाइकिल पर महिलाओं का जनता बाल शिव जीजाबाई, महाराणा प्रताप महारानी अब्बका के स्वरूप धारण किए हुए बालक रहेंगे। मंच पर बाल सेवाओं का माता जीजाबाई द्वारा मंत्र उच्चारण के साथ राज्याभिषेक किया जाएगा। साथ ही इसकी तैयारी लगभग दो महीने से चल रही है। जिसमें बालिकाएं और बालक लेने वाले कलाकार प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं।

#### बड़ी संख्या में लोगों को किया जाएगा आमंत्रित

**करंट क्राइम :** भारत माता सांस्कृत संस्थान गाजियाबाद द्वारा जानकारी दी गई है कि कार्यक्रम में कई अन्य हिंदूवादी संगठन भी प्रमुखता से शामिल होंगे। तो इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए बड़ी संख्या में लोगों को आमंत्रित किया गया है। भव्य स्टेज के साथ ही लोगों के बैठने की व्यवस्था की जाएगी। कार्यक्रम की जानकारी देने के लिए आयोजित पर वार्ता के दौरान मुख्य रूप से विजय कुमार, विपुल, मनजीत, अरुण सिरोही, राजेंद्र कुमार, तरुण शर्मा और सुशील कुमार सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# ट्रोनिका सिटी पुलिस मुठभेड़ के दौरान 3 शातिर गौकश गिरफ्तार



**लोनी, करंट क्राइम।** शुक्रवार को थाना ट्रोनिका सिटी पुलिस टीम द्वारा अपराधिक घटनाओं के दृष्टिगत थाना क्षेत्र ट्रोनिका सिटी चौकी पुस्ता पर त्यौहारों को दृष्टिगत रखते हुये चेकिंग की जा रही थी।

बिना नम्बर प्लेट की मोटर साइकिल पर सवार 3 बदमाश पिछले बदमाश की पीठ पर पिट्ठू बैग टंगा हुआ है, संदिग्ध होने पर पुलिस द्वारा रोकने का प्रयास किया गया, नही रूके और तेजी से कट मारकर बागपत रोड की तरफ भागने लगे। थाना ट्रोनिका सिटी पुलिस टीम द्वारा आरटी सैट से भाग रहे बदमाशों को सम्बन्ध में सूचना दी गयी। इस सूचना पर गेट नम्बर दो पर चेकिंग कर रही पुलिस द्वारा मोटर साइकिल सवार बदमाशों को रोकने का प्रयास किया गया नही रूके और पुलिस के पीछा करने पर अपने आप को घिरता देख पुलिस पार्टी पर जान से मारने की नियत से फायर किया गया तथा पुलिस टीम द्वारा की गई आत्मरक्षार्थ जवाबी कार्यवाही में 3 बदमाशों में से 2 बदमाश शहजाद उर्फ इंतजार उर्फ भूषण व याहिया खान उर्फ फतेह के पैर में गोली लग गई जिससे वह घायल हो गये गिरफ्तार किया गया तथा तीसरा बदमाश जुल्फिकार को मौके से थोडी दूरी पर गिरफ्तार किया गया। घटना में प्रयुक्त बिना नम्बर प्लेट चोरी की काले रंग मोटरसाइकिल बरामद हुई है। गौकशों में घायल गिरफ्तार शहजाद उर्फ इंतजार उर्फ भूषण के विरूद्ध जनपद मेरठ में गौकशी आर्म्स एक्ट हत्या का प्रयास आदि के 12 मुकदमे व थाना ट्रोनिका सिटी पर गौकशी का 1 अभियोग दर्ज है। अभियुक्त याहिया खान उर्फ फतेह व जुल्फिकार के विरूद्ध थाना ट्रोनिका सिटी पर गौकशी का 1 अभियोग दर्ज है, अन्य अभियोग के सम्बन्ध में जानकारी की जा रही है।

# खाद्य विभाग ने चलाया सघन चैकिंग अभियान कई दुकानदारों को दिये नोटिस




**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** जिलाधिकारी गाजियाबाद के निर्देशन पर 4.6.2025 एवं 5.6.2025 को सहायक आयुक्त (खाद्य)-द्वितीय, जनपद गाजियाबाद के निर्देशन में मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी जनपद गाजियाबाद के नेतृत्व में खाद्य सुरक्षा अधिकरियों के सचल दल द्वारा खोड़ा, एन.एच.-24, महरौली, शास्त्री नगर एवं लोनी इत्यादि स्थानों पर खुले मांस विक्रय प्रतिष्ठानों, स्ट्रीट फूड वेन्डर एवं खुले में तैयार मासाहार खाद्य पदार्थ प्रदर्शित कर विक्रय कर रहे खाद्य प्रतिष्ठानों का सघन निरीक्षण कर कार्यवाही की गयी।

### जिन कारोबारियों पर की गई कार्रवाई

**करंट क्राइम।** मैसर्स शहजाद पुत्र अनीस अहमद लोक प्रिय बिहार, खोड़ा कालोनी, खोडा गाजियाबाद। मैसर्स काफील मीट शॉप, शॉप नं.-306, गली कुरैशी, खोडा कालोनी, गाजियाबाद। मैसर्स कुरैशी चिकन एवं मटन हलाल मीट शॉप, चौधरी मार्केट, रजापुर गाजियाबाद, कारोबारकर्ता मुरसयीन पुत्र ग्यासुद्दीन। नियमानुसार मुकदमा सक्षम न्यायालय में दर्ज कराने की कार्यवाही की जा रही है। मैसर्स हापुड मीट शॉप, 280, लोक प्रिय बिहार, नूरानी मजिस्द वाली गली, निकट मदरसा खोडा कालोनी गाजियाबाद। मैसर्स ए-वन मीट शॉप, गाजियाबाद विक्की पुत्र महेन्द्र बिना खाद्य पंजीकरण प्राप्त किये खाद्य कारोबार का संचालन करते पाये जाने पर कार्रवाई। मैसर्स नूर हलाल मीट शॉप, एन.एच.-24 मैन रोड, शाहपुर बम्हैटा, गाजियाबाद, कार्यवाही की जा रही है। मैसर्स फूलमिया मीट शॉप, महागुनपुरम के सामने एनएच.-24 मैन रोड जनपद गाजियाबाद, कार्यवाही की जा रही है। मैसर्स कुरबान चिकन मीट शॉप, विवेकानन्द नगर, नियर नासिरपुर फाटक गाजियाबाद। मैसर्स अकरम कुरैशी चिकन शॉप, विवेकानन्द नगर, नियर नासिरपुर फाटक गाजियाबाद। मैसर्स इस्लामुद्दीन मीट शॉप, नसबन्दी कालोनी लोनी गाजियाबाद। मैसर्स सुएव मीट शॉप, 02 नम्बर 100 फुटा रोड लोनी निकट नीलम फैक्ट्री लोनी गाजियाबाद। कमी पाये जाने पर नियमानुसार मुकदमा सक्षम न्यायालय में दर्ज कराने की कार्यवाही की जा रही है। इसके अतिरिक्त खोडा, रजापुर, एन.एच.-24, विवेकानन्द नगर, नियर नासिरपुर फाटक एवं लोनी का सघन निरीक्षण कर खाद्य व्यवसाय का संचालन खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 एवं नियम व विनियमों के अनुसार किये जाने की चेतावनी देते हुए निर्देशित किया गया। खाद्य टीम में अमित कुमार सिंह, बसंत गुप्ता, देवांश चतुर्वेदी, विजय कुमार एवं अंशुल पाण्डेय, खाद्य सुरक्षा अधिकारीगण सम्मिलित रहे।




▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि बृज विहार वाले एरिया में दिखाई दे रही है अजब बोर्ड की गजब कहानी? कुछ ऐसा ही हम सुन रहे थे खेमका जी की जुबानी? वो कह रहे थे हमारे अंगने में विनय जी के बोर्ड का क्या है काम? क्यों उन्होंने हमारे एरिया में अपना बोर्ड लगाया है? किस बात का चाह रहे हैं हम ज्ञान? अगर जल्द ही नहीं हुआ है इस बारे में ज्ञान प्राप्त? तो फिर हम होंगे शिकायत करने पर मजबूर? फिर दिल तो आखिर दिल है? इस दिल का क्या कसूर?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि जब से भगवा योद्धा दे रहे हैं अपने साथ वालों को ये पैगाम? जो मेरे दायें बायें या आगे पीछे चलेगा, उसको मैं नहीं दूंगा टीम में स्थान? सुना है उनके इस संदेश ने दिखाना शुरू कर दिया है असर? हट गई है उनके पास से कई चेहरों की भीड़? जो दिखाई देती थी उनके इधर या उधर? कहने वाले ने कहा भले ही डर के आगे जीत हो मगर कुछ मामलों में लगता है डर?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि एक बात वैशाली वाले एरिया से है बाहर निकल कर आई? निगम के एक इंजीनियर ने करा दी प्राईवेट कंपनी की लाईन बिछाने को सड़क पर खुदाई? सुना है बिना परमीशन के रोड कंटिग वाला मामला पहुंच गया साहब के पास? पता चला है साहब अपने इंजीनियर से थे बहुत ज्यादा नाराज? देखना अब ये है इस मैटर पर क्या होती है आगे कार्यवाही? चार दिनों को प्यार ओ रब्बा और फिर है लंबी जुदाई?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि हाऊस टैक्स के खिलाफ जो जलाई है पूर्व पार्षद राजेन्द्र त्यागी, हिमांशु मित्तल और अनिल स्वामी ने चिंगारी? सुना है वो धीरे धीरे बन रही है आग? पता चला है इस मुद्दे पर 70 से 80 पार्षद फिर बैठने जा रहे हैं एक साथ? पार्षदों के ग्रुप पर हुआ है ये मैसेज आम? जल्द ही बैठक होने का बना है प्रोग्राम? भड़क उठा है शोला, आग का बन रहा है गोला?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि इसके अलावा भी पार्षदों के ग्रुप पर हुआ है एक संदेश जारी? तेरी गलियों ना रखेंगे कदम, कुछ ऐसी चर्चाएं हुई है जारी? पार्षदों ने कहा है मीटिंग में हम उन पार्षदों के नाम भी करेंगे उजागर? चाहे वो चौधरी हों या मिस्टर डागर? हम छोड़ेंगे इन पर खुलकर ये तीर? क्यों इस मामले में खामोश हैं ये भगवा वीर? सुना है खुद को आंदोलित करने के लिए कई पार्षद देख रहे हैं फिल्म जंजीर?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि नदिया पार के भगवा मैम्बर का हिमांशु शर्मा के पक्ष में आ गया है कोर्ट का पैगाम? सुना है उनके खिलाफ लड़ने वाले एक पार्षद ने विभिन्न विसंगतियों को लेकर डाली थी उनके खिलाफ पिटीशन? जिसे रद्द कर दिया गया है श्रीमान? कहने वाले ने कहा अब मिस्टर शर्मा की राहें हो गईं हैं आसान? नहीं तो दिल में खटका, कहीं मैम्बरी हो ना जाये कुर्बान?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि भगवा पहलवान ने भगवा योद्धा को नहीं भेजा था गर्ग साहब के संस्मरण वाले कार्यक्रम का पैगाम? इसलिए भगवा योद्धा कार्यक्रम में शामिल नहीं हुए श्रीमान? इस मुद्दे पर योद्धा ने करंट क्राइम के आमना सामना में रखी है मजबूती से बात? जब इंटरव्यू वॉयरल होगा, तब हो जायेगा सबकुछ साफ? क्यों उठा है किसी के दिल में दर्द-ए-डिस्को? जल्द पता चलेगा बस कुछ ही दिनों की है बात?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि भाजपा में उठ रहे हैं अब कुछ नए सवाल? कहने वाले कह रहे हैं मंडल अध्यक्ष संगठन का होता है या विधायक का? इस बात पर स्थितियां होनी चाहिए स्पष्ट? कुछ मंडल अध्यक्ष अक्सर दिखाई देते हैं बस विधायकों के साथ? इस बात से हो रहा है कई मंडल अध्यक्षों को कष्ट? वो भगवा योद्धा तक पहुंचा रहे हैं अपने दिल के अरमान? कह रहे हैं ऐसे तो कम हो रही है संगठन की शान?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि लेकर हाथ में गंगाजल की बात भगवा योद्धा मयंक गोयल ने प्रकट कर दिये चुनाव को लेकर अपने जज्बात? जज्बात कुछ ऐसे हैं कि कमांडर से लेकर कई दावेदारों के चेहरों पर आ जायेगी मुस्कुराहट? मगर इस शपथ को लेकर करना होगा करने वालों को कुछ दिन का इंतजार? करंट क्राइम के आमना-सामना में कुछ ऐसे ही प्रकट किये हैं योद्धा ने जोरदार विचार? क्या ये कहकर कम कर दिया है उन्होंने शहर सीट से एक दावेदार?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि नदिया पार के भगवा सरदार को हो जाना चाहिए खबरदार? हम देख रहे हैं भगवा योद्धा मिस्टर सिसौदिया पर कर रहे हैं काफी ऐतबार? पार्टी के कार्यक्रमों से लेकर सामाजिक कार्यक्रमों में वो लेकर जा रहे हैं उनको अपने साथ? जैसे जैसे दिन आगे बढ़ रहे हैं? वैसे वैसे मजबूत हो रही है सिसौदिया जी की बात? फिर बाद में सरदार जी ये मत कहना कि हमने आपको इस बारे में कुछ नहीं दिलाया था याद?

नोट : उठते सवालों का करंट लेखक की व्यक्तिगत राय नहीं है, बल्कि रोजाना क्षेत्र में उठने वाली चर्चाओं का संग्रह है।

ॐ शांति ॐ शांति



शोक पत्र

मान्यवर,

अत्यंत दुख के साथ सूचित करना पड़ रहा है कि मेरी पूज्यनीय माताजी श्रीमती राज रानी शुक्ला (पत्नी स्वर्गीय श्री देवी शंकर शुक्ला जी) 26.05.2025, दिन सोमवार को अपनी सांसारिक यात्रा पूर्ण कर प्रभु के धाम प्रस्थान कर गई हैं।

आपसे सादर अनुरोध है कि दिवंगत आत्मा की शांति के लिए आयोजित तेरहवीं संस्कार और ब्रह्मभोज कार्यक्रम में दिनांकः 07.06.2025 दिन शनिवार को मध्याह्न 12:00 बजे सम्मिलित होने की कृपा करें।

कार्यक्रम स्थल


आशियाना उपवन क्लब हॉल, अहिंसा खंड 2, इंदिरापुरम, गाजियाबाद, उ.प्र-201014

विनीत

अजय शुक्ला एवं समस्त शुक्ला परिवार

B 1228 Tower 6 Ashiana Upvan, Ahinsa Khand 2
Indirapuram, Ghaziabad UP-201014, Mob: 9810531414,

### चिन्टू जी




गाजियाबाद (करंट क्राइम)। चिंटू जी की गुस्ताखियां माफ हों.. नोट : चिंटू जी कॉलम अखबार में ही प्रकाशित होता है। इस किरदार का सोशल मीडिया पर अखबार से अतिरिक्त डाली गई पोस्ट से कोई संबंध नहीं है।

### दैनिक करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे




गाजियाबाद (करंट क्राइम)। आस्था त्यागी ने भारतीय नौसेना में जज एडवोकेट जनरल के लिए स्थान हासिल किया है। उन्हें भारतीय नौसेना की प्रतिष्ठित जज एडवोकेट जनरल शाखा में सब लेफ्टिनेंट के पद पर चुना गया है। इस खुशी को उनके समाज ने फेसबुक पर साझा किया। बधाई सफलता और खुशियों की यह पोस्ट बनी करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे।